E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 59 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, शुक्रवार 11 सितंबर, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## शेफाली-दीप्ति के तूफान में उड़ा बांग्लादेश, 40 रन की धमाकेदार जीत के साथ टीम इंडिया ने फाइनल में बनाई जगह



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने महिला टी-20 एशिया कप 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार (10 सितंबर) को बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में टीम ने 40 रन से जीत हासिल की। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में 20 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 40 गेंद पर 64 रन की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की टीम 7 विकेट पर 109 रन ही बना सकी। दीप्ति शर्मा सबसे सफल बॉलर रहीं, उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। नंदनी शर्मा को 2 विकेट मिले। यह दसवीं बार है जब भारतीय टीम ने एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह 4 बार वनडे और 5 बार टी-20 फॉर्मेट के फाइनल में पहुंची है। वनडे के चारों फाइनल भारत ने जीते हैं। वहीं, टी-20 में टीम 2012, 2016 और 2022 में चैंपियन बनी, जबकि 2018 और 2024 में रनर-अप रही थी। फाइनल मुकाबला 13 सितंबर को खेला जाएगा। भारत का सामना 11 सितंबर यानि आज होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। भारत - शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा। बांग्लादेश - दिलारा अख्तर, जुएरिया फेरदौस, शोभना मोस्तारी, निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), शर्मीन अख्तर, शोर्ना अख्तर, फहीमा खातून, नाहिदा अख्तर, राबेया खान, सुल्ताना खातून, मारुफा अख्तर।

भारत की इस जीत में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों का संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला। शेफाली वर्मा ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाते हुए बांग्लादेशी गेंदबाजों पर दबाव बनाया और 64 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 149 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम को भारतीय गेंदबाजों ने खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। दीप्ति शर्मा ने बीच के ओवरों में अहम विकेट निकालकर विपक्षी टीम की रन गति पर अंकुश लगाया।

नंदनी शर्मा ने भी महत्वपूर्ण विकेट लेकर बांग्लादेश की बल्लेबाजी को झटका दिया। भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा और बांग्लादेश की बल्लेबाजों को लगातार मुश्किल परिस्थितियों में रखा। लक्ष्य बड़ा नहीं होने के बावजूद भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी की, जिससे बांग्लादेश 109 रन तक ही पहुंच सकी। इस प्रदर्शन ने भारत की फाइनल की राह आसान कर दी।

अब भारतीय टीम की नजर 13 सितंबर को होने वाले खिताबी मुकाबले पर है। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान की भिड़ंत से फाइनल की दूसरी टीम तय होगी। भारत के लिए विपक्षी टीम चाहे जो भी हो, फाइनल में दबाव के बीच इसी तरह के संतुलित प्रदर्शन को दोहराना चुनौती होगी। एशिया कप के फाइनल में भारत का रिकॉर्ड भी टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है।

टी-20 प्रारूप में भारत पहले ही तीन बार खिताब अपने नाम कर चुका है। हालांकि 2018 और 2024 में उसे उपविजेता रहना पड़ा था, इसलिए इस बार टीम की कोशिश ट्रॉफी जीतकर एक और उपलब्धि अपने नाम करने की होगी।

## जाधवपुर यूनिवर्सिटी में नारे पर बवाल, पश्चिम बंगाल सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं समेत कई राजनीतिक दलों ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार से मांग की कि जाधवपुर यूनिवर्सिटी (जेयू) कैंपस में 'कश्मीर मांगे आजादी' जैसे नारे लगाने वालों को कड़ी सजा दी जाए। यह मांग तब की गई है जब यूनिवर्सिटी कैंपस में देश-विरोधी नारों और ग्राफिटी के खिलाफ रैली निकालने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि देश-विरोधी ताकतों और 'भगवा' का अपमान करने वालों को राज्य की धरती से उखाड़ फेंका जाएगा। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, 'मैं बंगाल के मुख्यमंत्री से अपील करता हूं कि वे ऐसे लोगों की तुरंत पहचान करें और उन्हें कड़ी सजा दिलाएं।'

जेडी(यू) के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने मुख्यमंत्री की बात का समर्थन करते हुए कहा, 'ऐसे लोग बंगाल में रहने के लायक नहीं हैं। यूनिवर्सिटी शिक्षा का मंदिर है और अगर वहां इस तरह की राजनीति होती है तो ऐसी हरकतें करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।'

## पुतिन-पेजेशकियान से आज मुलाकात करेंगे PM मोदी, कल जिनपिंग के साथ होगी अहम बैठक




थिंक राजस्थान

दिल्ली। भारत में शनिवार (12 सितंबर) से दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। दुनिया में बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच भारत इस बैठक के जरिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और ग्लोबल साउथ से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा करेगा। इनमें खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा और सप्लाई चेन को मजबूत करना प्रमुख मुद्दे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन में दुनिया के कई प्रमुख देशों के नेता दिल्ली पहुंच रहे हैं। चीन ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत दौरे की पुष्टि कर दी है। करीब सात साल बाद जिनपिंग भारत आएंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी सम्मेलन में शामिल होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के भी कार्यक्रम में मौजूद रहने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन के दौरान कई देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। शुक्रवार (11 सितंबर) को दोपहर 3:30 बजे उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात होगी। इसके बाद शाम 6:15 बजे ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ द्विपक्षीय बातचीत होगी। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शनिवार (13 सितंबर) शाम 6 बजे बैठक होगी।

## सत्य निकेतन इमारत हादसा: मुख्य आरोपी शुभम त्यागी अभी भी फरार, पुलिस ने तेज की तलाश



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में हुए दर्दनाक इमारत हादसे के मामले में अभी भी एक मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली पुलिस 'हॉस्टल डेज' पीजी के संचालक शुभम त्यागी की तलाश तेज कर रही है, जो घटना के बाद से फरार है। सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत गिरने से सात लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें पांच छात्र और दो मजदूर शामिल थे, जबकि पांच अन्य घायल हो गए थे। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार आरोपी सुधांशु लोवनीश का मोबाइल फोन फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पुलिस उसके कॉल रिकॉर्ड, चैट और अन्य डिजिटल डेटा की बारीकी से जांच कर रही है, ताकि पता चल सके कि हादसे के तुरंत बाद उसने किससे संपर्क किया और क्या बातचीत हुई। डिजिटल सबूतों से घटना के पीछे की पूरी साजिश और लापरवाही को समझने में मदद मिलेगी। जांच में सामने आया है कि हादसे वाले दिन इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बड़े पैमाने पर निर्माण और मरम्मत का काम चल रहा था। सूत्रों ने बताया कि दुकान के लिए जगह बनाने के चक्कर में ग्राउंड फ्लोर की एक दीवार हटा दी गई थी। कथित तौर पर कमर्शियल फायदे के लिए ग्राउंड फ्लोर पर विस्तार का काम किया जा रहा था, जिसने इमारत की नींव को कमजोर कर दिया। इसके अलावा, कई दिनों की बारिश के बाद बेसमेंट में कचरा और पानी भर गया था। उसे साफ करने के बाद वहां मरम्मत का काम शुरू किया गया था। जांच में यह भी पता चला है कि बेसमेंट के लेवल को ग्राउंड फ्लोर के बराबर लाने के लिए कथित तौर पर वहां तीन ट्रक मलबा डाला गया था, जिससे इमारत पर अतिरिक्त दबाव पड़ा।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, टॉयलेट में 'BOMB' लिखा टिश्यू पेपर मिला




थिंक राजस्थान

अहमदाबाद। लखनऊ से सऊदी के दम्माम जा रही इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट में बम की धमकी मिली, जिसके बाद उसकी अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। टेक ऑफ के दौरान क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टेश्यू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में 'बम' लिखा था। शाम के करीब 6 बजे फ्लाइट की अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पेटल एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। प्लेन में सवार सभी 133 पैसंजरों को उतारकर टर्मिनल-2 पर ले जाया गया। इसके बाद प्लेन को एकांत इलाके में ले जाकर सुरक्षा एजेंसियों ने केबिन, सीटों, कार्गो और यात्रियों के सामान की जांच की गई। शुरुआती जांच में विमान से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोट नहीं मिला। प्लेन ने लखनऊ से सऊदी अरब के दम्माम के लिए गुरुवार (10 सितंबर, 2026) को शाम 4:17 बजे उड़ान भरी थी। बता दें कि इससे पहले 31 अगस्त यानि 10 दिन पहले सऊदी अरब के दम्माम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसकी अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। उस समय भी क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टेश्यू पेपर मिला था, जिसमें इंग्लिश में बम लिखा था। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया। विमान को अलग स्थान पर ले जाकर जांच किए जाने के दौरान यात्रियों को टर्मिनल-2 में सुरक्षित रखा गया। सुरक्षा जांच पूरी होने तक यात्रियों को विमान में वापस जाने की अनुमति नहीं दी गई। जांच एजेंसियों ने विमान के अलग-अलग हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली। केबिन के साथ सीटों, टॉयलेट, कार्गो और यात्रियों के सामान की जांच की गई, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री की मौजूदगी का पता लगाया जा सके। शुरुआती जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिलने से सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। हालांकि, विमान में धमकी भरा संदेश मिलने के कारण सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर सकती हैं कि टिश्यू पेपर विमान के टॉयलेट में कैसे पहुंचा और उसे किसने वहां रखा था। इसके लिए विमान में सवार यात्रियों और संबंधित स्टाफ से पूछताछ की जा सकती है। लगातार दूसरी बार इसी तरह टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर अंग्रेजी में 'बम' लिखे होने की घटना सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। 31 अगस्त को दम्माम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में भी इसी तरह का संदेश मिलने के बाद अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। दोनों घटनाओं के बीच समानता को देखते हुए जांच एजेंसियां सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर सकती हैं।

## बंगाल विधानसभा में 'वन स्टेट, वन एजुकेशन' बिल पास, शिक्षकों के ट्रांसफर को मंजूरी

थिंक राजस्थान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में गुरुवार को 'पश्चिम बंगाल विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन एवं रेगुलेशन (अमेंडमेंट) बिल, 2026' को ध्वनि मत से पास कर दिया गया। इस बिल का मकसद राज्य की 'एक राज्य, एक शिक्षा' नीति को लागू करना है, जिसके तहत टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ का एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में ट्रांसफर किया जा सकेगा।

इस बिल को राज्य कैबिनेट ने 8 सितंबर को मंजूरी दी थी।

यह बिल 2017 के एक्ट की धारा 14ए में एक नया प्रावधान जोड़ता है, जिससे राज्य भर के विश्वविद्यालयों के बीच टीचिंग और नॉन-टीचिंग कर्मचारियों का ट्रांसफर हो सकेगा।

इसे उच्च शिक्षा मंत्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने सदन में पेश किया, जो पहले पत्रकार थे और बाद में राजनेता बने।

## लम्पी स्किन रोग के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह से सजग : भजनलाल शर्मा



थिंक राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार लम्पी रोग के प्रति पूरी तरह सजग एवं सतर्क है तथा सरकार द्वारा समयबद्ध रूप से की गई तैयारियों के फलस्वरूप स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता ही पशुओं में लम्पी रोग से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्रों में रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के उपायों की जानकारी देने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाए, ताकि पशुपालक पैनिक में न आएं और समय पर आवश्यक सावधानियां बरतें। मुख्यमंत्री गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर लम्पी स्किन रोग की स्थिति एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रभावी एवं समन्वित प्रयास किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के कुछ जिलों में ही लम्पी रोग के मामले सामने आए हैं, पूरे प्रदेश में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में टीकाकरण अभियान को और तेज करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में रोग प्रतिरोधक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, गोशालाओं एवं अन्य स्थानों पर संक्रमित पशुओं को आइसोलेट करने तथा आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को क्षेत्र में निरंतर निगरानी के लिए पाबंद करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को आवश्यक सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए तथा रोग की रोकथाम के लिए विभागीय स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में लम्पी रोग से 10 हजार 403 संक्रमित पशु पाये गए है। इनमें से 6 हजार 905 पशुओं की रिकवरी हो चुकी है तथा रिकवरी में वृद्धि हो रही है। साथ ही, प्रदेशभर में 87 प्रतिशत से अधिक टीकाकरण किया जा चुका है। पशुपालन विभाग द्वारा रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान, राज्य एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रैपिड रेस्पांस टीम का गठन, पशुपालकों को साइपरमेथ्रिन एवं सोडियम हाईपोक्लोराइट के वितरण सहित कई प्रयास किए है।

## भारत और कतर ने रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने एवं बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

थिंक राजस्थान

दोहा। कतर में भारत के नए राजदूत श्रीकर रेड्डी ने गुरुवार को विदेश राज्य मंत्री सुल्तान बिन साद अल मुरैखी को अपने नियुक्ति पत्र की प्रति सौंपी और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। कतर स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया, 'कतर में भारत के राजदूत डॉ. के श्रीकर रेड्डी ने सुल्तान बिन साद अल मुरैखी, विदेश राज्य मंत्री से मुलाकात की और नियुक्ति पत्र की प्रति प्रस्तुत की। राजदूत ने भारत के नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं और दोनों ने भारत-कतर संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के उपायों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया।' भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा, 'कतर में भारत के नामित राजदूत डॉ. श्रीकर रेड्डी गुरुवार को दोहा पहुंचे।'

## दिल्ली में हॉस्टल संकट पर एलजी ने लिया बड़ा एक्शन, आशीष सूद की अध्यक्षता में बनी 20 सदस्यीय जांच समिति



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को उपराज्यपाल टी.एस. संधू के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें सत्य निकेतन में हाल ही में पीजी बिल्डिंग गिरने की घटना के बाद छात्रों के रहने की व्यवस्था और सुरक्षा पर विचार करने के लिए उनकी अध्यक्षता में एक समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। सूद की अध्यक्षता वाली हाई-पावर्ड कमेटी को राष्ट्रीय राजधानी में हॉस्टल की कमी का आकलन करने और छात्रों, खासकर दूसरे राज्यों से शहर आने वाले छात्रों के लिए सुरक्षित आवास के नए विकल्प तलाशने का काम सौंपा गया है। 20 सदस्यों वाली इस कमेटी में दिल्ली के मुख्य सचिव, पुलिस कमिश्नर, एमसीडी कमिश्नर, डीडीए के वाइस-चेयरपर्सन, चीफ फायर ऑफिसर, दिल्ली यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर, अन्य यूनिवर्सिटीज के वाइस-चांसलर और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, सूद ने कमेटी के गठन का स्वागत किया और कहा, 'दिल्ली के छात्रों के लिए सुरक्षित, किफायती और पर्याप्त आवास सुनिश्चित करना एक मुख्य प्राथमिकता है। मैं माननीय उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू द्वारा छात्र आवास और सुरक्षा पर एक हाई-पावर्ड कमेटी के गठन का स्वागत करता हूं।'

# थिंक राजस्थान



## संपादकीय

## उदयपुर पुलिस का मेगा एक्शन, 1.98 करोड़ का 1323 किलो डोडा चूरा जब्त



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सायरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 1323.740 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब 1 करोड़ 98 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टोयोटा ईटियोस कार और बोलेरो पिकअप भी जब्त की हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकुल शर्मा एवं वृत्ताधिकारी वृत्त गिर्वा छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी सायरा शैतान सिंह नाथावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी को मुखबिर से सूचना मिली कि मग्गा से काम्बा जाने वाली सड़क पर घाटे के अंदर कुछ तस्कर कट्टों से भरी गाड़ियों के साथ मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां एक सफेद रंग की ईटियोस कार और एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप खड़ी मिली। पुलिस को देखते ही दोनों वाहनों में मौजूद तस्कर अंधेरे और पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाकर झाड़ियों की ओर भाग निकले। पुलिस ने मौके से कुल 66 कट्टे जब्त किए, जिनका कुल वजन 1323.740 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया।

## डीग, कुम्हेर और बृजनगर में मतदान तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

डीग। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण में 11 सितंबर को डीग जिले की डीग नगरपरिषद, बृजनगर नगरपालिका एवं कुम्हेर नगरपालिका में होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर मयंक मनीष तथा जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने गुरुवार को विभिन्न मतदान केंद्रों एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने कुम्हेर में स्वर्गीय श्री रामजी लाल स्वर्णकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 4 बूथ, बजरंग मॉर्डन उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2 बूथ, पंचायती धर्मशाला में 1 बूथ तथा पशु चिकित्सा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र में 1 बूथ का निरीक्षण किया।
इसके बाद अधिकारियों ने बृजनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

# सभी कंपोनेंट का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आवंटित बजट का समयबद्ध उपयोग करें : वी. श्रीनिवास

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (PM-RKVY) की प्रदेश में कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजना के विभिन्न कंपोनेंट के तहत संचालित कार्यों एवं उनकी प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने योजना के तहत हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में योजना के सभी कंपोनेंट का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने अधिकारियों को योजना के लिए आवंटित बजट का निर्धारित समयावधि में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट का समय पर उपयोग होने से योजनाओं के कार्यों को गति मिलेगी और किसानों को इनका लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को आपसी समन्वय से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का शीघ्र समाधान करने को कहा। बैठक में योजना के तहत किसानों को मिलने वाले लाभ, स्वीकृत कार्यों और विभिन्न घटकों के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों से कहा गया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समय पर पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचने में किसी तरह की देरी न हो। मुख्य सचिव ने योजनाओं की नियमित निगरानी को महत्वपूर्ण बताते हुए विभागीय स्तर पर प्रगति की लगातार समीक्षा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता के साथ उनकी समयबद्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर सामने आने वाली समस्या का समाधान संबंधित विभागों के बीच समन्वय से किया जाए। कृषि क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का सीधा असर किसानों की आय, उत्पादन क्षमता और कृषि ढांचे को मजबूत करने पर पड़ सकता है। अधिकारियों को इस दिशा में सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए गए।



## रनवे छूकर फिर उड़ा विमान, 20 मिनट तक हवा में अटकी रही यात्रियों की सांसें

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार दोपहर उस समय यात्रियों की सांसें अटक गईं, जब उदयपुर से जयपुर पहुंची इंडिगो की फ्लाइट रनवे पर टचडाउन के बाद दोबारा हवा में उठ गई। पायलट ने लैंडिंग को अबॉर्ट करते हुए विमान का गो-अराउंड कराया। इसके बाद विमान करीब 20 मिनट तक अतिरिक्त चक्कर लगाने के बाद दोबारा लैंडिंग के लिए आया और दोपहर 1:02 बजे सुरक्षित रूप से रनवे पर उतरा। विमान में 39 यात्री और चार क्रू सदस्य सवार थे। जानकारी के अनुसार, उदयपुर से जयपुर के लिए रवाना हुई इंडिगो की फ्लाइट ने गुरुवार दोपहर करीब 12:42 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए अप्रोच किया। विमान रनवे पर टचडाउन कर चुका था, लेकिन इसी दौरान पायलट ने लैंडिंग को आगे बढ़ाने के बजाय विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। इसके बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर करीब 20 मिनट तक अतिरिक्त राउंड पूरा किया। करीब 20 मिनट बाद विमान ने फिर से जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए अप्रोच किया। इस बार पायलट ने विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई। हालांकि, घटना के दौरान किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

## राजस्थान पुलिस ने 1500 किमी पीछा कर आरोपी को यूपी से दबोचा, साथी की हत्या कर हुआ था फरार

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। हत्या की वारदात के बाद राजस्थान से फरार हुए आरोपी को पकड़ने के लिए उदयपुर पुलिस ने करीब 1500 किलोमीटर तक पीछा किया और आखिरकार उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से उसे गिरफ्तार कर लिया। सूरजपोल थाना पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी के संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां लगातार दबिश देकर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरिनाथ यादव (48) पुत्र रामराज यादव, निवासी अतरौलिया, जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 30 अगस्त की रात उदयपुर में हरिनाथ यादव का उसके साथ काम करने वाले हनुमान्त तिवारी से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर हनुमान्त के पेट पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में घायल हनुमान्त को उपचार के लिए एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 2 सितंबर को एमबी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती हनुमान्त तिवारी के पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया था। इलाज के दौरान 7 सितंबर को हनुमान्त की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण में हत्या की धारा जोड़कर आरोपी की तलाश तेज कर दी। वारदात के बाद आरोपी उदयपुर से फरार होकर अपने पैतृक क्षेत्र आजमगढ़ पहुंच गया। पुलिस से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इसके बाद पुलिस टीम उत्तर प्रदेश पहुंची और आजमगढ़ में आरोपी के रिश्तेदारों और परिचितों के यहां लगातार दबिश दी।



## फर्जी दस्तावेज और लीजडीड जारी करवाने का मुख्य आरोपी विपिन कोठारी गिरफ्तार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर/उदयपुर। राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (SOG) ने उदयपुर नगर निगम के बहुचर्चित भूखंड घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित मुख्य अभियुक्त विपिन कोठारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से यूआईटी (UIT) के खाली व निरस्त भूखंडों के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर उनकी लीजडीड जारी करवाता था। अदालत ने आरोपी विपिन कोठारी को 15 सितंबर 2026 तक पुलिस कस्टडी (PC) रिमांड पर भेज दिया है। फर्जीवाड़े और मिलीभगत का खेल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (SOG) विशाल बंसल के अनुसार, नगर विकास प्रन्यास (UIT) उदयपुर से वर्ष 2004 में नगर निगम को हस्तांतरित भूखंडों में से कई खाली व निरस्त भूखंडों के कूटरचित (फर्जी) दस्तावेज तैयार किए गए थे। मामले में विपिन कोठारी सहित अब तक कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ऑपरेशन रानीरोना: एक साल से फरार 25 हजार का इनामी एमडी तस्कर दमन से गिरफ्तार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नशे के कारोबारियों के खिलाफ राजस्थान पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) राजस्थान ने 'ऑपरेशन रानीरोना' के तहत एक साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी एमडी तस्कर रामनिवास उर्फ रामू विश्नोई को केन्द्र शासित प्रदेश दमन से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ने के लिए एएनटीएफ टीम ने जयपुर से करीब 1000 किलोमीटर का सफर तय कर दमन पहुंचकर कार्रवाई की। महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ विकास कुमार ने बताया कि कार्रवाई महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के मार्गदर्शन और निर्देशन में की गई। आरोपी रामनिवास उर्फ रामू विश्नोई पुत्र भींयाराम विश्नोई, उम्र 32 वर्ष, निवासी रोटू, तहसील जायल, जिला नागौर के खिलाफ चूरू पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार रामनिवास ने वर्ष 2011 में 12वीं पास करने के बाद मुंबई में एक कोरियर कंपनी में नौकरी शुरू की थी। इसी दौरान नशे का सेवन करने वाले लोगों के संपर्क में आने पर उसे एमडी के सेवन और कारोबार की जानकारी हुई। बाद में वह खुद एमडी का सेवन करने लगा और मुंबई में एमडी बेचने वाले लोगों के संपर्क में आकर इसकी खरीद-फरोख्त शुरू कर दी। शुरुआत में वह करीब 100 ग्राम एमडी खरीदकर बेचता था। बाद में नागौर और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई शुरू कर दी। मांग बढ़ने पर वह 500 से 700 ग्राम तक एमडी की सप्लाई करने लगा और धीरे-धीरे नागौर क्षेत्र में बड़ा सप्लायर बन गया। जांच में सामने आया कि रामनिवास मुंबई से करीब 8 लाख रुपये प्रति किलो की दर से एमडी खरीदकर नागौर क्षेत्र में अपने तय ग्राहकों को करीब 10 लाख रुपये प्रति किलो तक में बेचता था। इस तरह उसे प्रति किलो करीब दो लाख रुपये का मुनाफा होता था।



## लघु उद्योग भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक अयोध्या धाम में संपन्न

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। लघु उद्योग भारती की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम में 8 सितम्बर को संपन्न हुई। प्रख्यात चिंतक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल जी ने इस अवसर पर देशभर से आये उद्यमियों को ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर उनके लिए प्राथमिकता पर रोजगार सृजन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश के कुछ क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में गांव के गांव खाली हो रहे हैं और इस पलायन की प्रवृत्ति को समय रहते रोकना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश की आईआईटी, एनआईटी और अन्य उच्च तकनीकी संस्थानों का इंडस्ट्रीज के साथ न कोई कनेक्ट है और न कोई समन्वय। सरकार करोड़ों रुपये लगाकर जिस युवा को तैयार करती है, वो विदेश चला जाता है। और साथ ही आईटीआई संस्थानों के पाठ्यक्रमों को रिव्यू कर उन्हें अपडेट किया जा रहा है।

## जयपुर में जेप्टो डार्क स्टोर पर छापा, 1550 डेयरी पैकेट और एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थ नष्ट

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान में खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत विभाग की एक केंद्रीय टीम ने गुरुवार को जयपुर के जगतपुरा में जेप्टो के 'डार्क स्टोर' (डिलीवरी-ओनली स्टोर) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को खाद्य उत्पादों के भंडारण तापमान, स्वच्छता और स्थिति से जुड़ी कई कमियां मिलीं। मौके पर ही डेयरी उत्पादों के लगभग 1,550 पैकेट, 100 किलोग्राम खराब खाद्य सामग्री और 7 किलोग्राम एक्सपायर्ड खाद्य उत्पादों को नष्ट कर दिया गया। प्रमुख सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) गायत्री राठौड़ के निर्देशों और आयुक्त (खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण) अविचल चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जयपुर मुख्यालय की एक केंद्रीय टीम ने जगतपुरा के रामनगरिया विस्तार के ए-ब्लॉक में स्थित जेडीएस मार्केटिंग के गोदाम का निरीक्षण किया।



यह निरीक्षण संयुक्त आयुक्त विजय प्रकाश शर्मा की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कोल्ड रूम और डीप फ्रीजर में डेयरी उत्पादों को सुरक्षित रूप से रखने के लिए जरूरी तापमान बनाए नहीं रखा जा रहा था। सुविधा केंद्र (फैसिलिटी) में दर्ज तापमान 6 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच था। भंडारण की स्थितियों को देखते हुए दूध, दही और छाछ के लगभग 1,550 पैकेट को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, जिनमें सरस और अमूल जैसे ब्रांडों के उत्पाद शामिल थे। निरीक्षण टीम को गोदाम में लगभग 100 किलोग्राम खराब खाद्य उत्पाद भी मिले, जिन पर अनिवार्य 'बिक्री के लिए नहीं' का निशान नहीं लगा था। इन उत्पादों को भी मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, बिक्री के लिए रखे गए उत्पादों के बीच लगभग 7 किलोग्राम एक्सपायर्ड खाद्य उत्पाद भी मिले, जिनमें म्यूसली, कैंडी और भुजिया शामिल थे। विभाग ने एक्सपायर्ड उत्पादों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। निरीक्षण में सुविधा केंद्र पर स्वच्छता से जुड़ी गंभीर कमियां भी सामने आईं।

## भिवाड़ी में बिना लाइसेंस संचालित दवा गोदाम पर पूर्व कार्रवाई का अपडेट

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि औषधि नियंत्रण आयुक्तालय ने जिला खैरथल-तिजारा के भिवाड़ी में बिना वैध लाइसेंस संचालित दवा गोदाम पर पूर्व में की गई कार्रवाई के संबंध में प्राप्त गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जब्त दवाओं के 18 नमूनों में से अब तक एक 16 सैंपल की जांच रिपोर्ट आ गई है, 2 की रिपोर्ट आनी शेष है। उन्होंने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में लगभग 1,500 कार्टन दवाइयां और अन्य सामग्री जब्त की गई थी। इनकी अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ रुपये थी। न्यायालय के आदेशानुसार जब्त सामग्री औषधि नियंत्रण अधिकारी की अभिरक्षा में रखी गई है राठौड़ ने बताया कि कार्रवाई के दौरान विभिन्न निर्माताओं और विपणनकर्ताओं की दवाइयां मिली थीं। इनके गुणवत्ता परीक्षण के लिए 18 नमूने लिए गए। इसके अलावा, परिसर से टेपेंटाडोल, प्रेगाबालिन और कोट्रिमोक्साजोल आदि सक्रिय औषधीय घटक (एपीआई), पैकेजिंग सामग्री, पंचेज एंड डाइज तथा एक्सपायर्ड सिल्डेनाफिल टैबलेट्स भी जब्त की गई थीं। उन्होंने बताया कि राजकीय विश्लेषक, दवा परीक्षण प्रयोगशाला, जयपुर की जांच में 11 नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए, जबकि 5 नमूने अवमानक घोषित किए गए। अवमानक नमूनों में सिप्रोफ्लॉक्सासिन टैबलेट्स बीपी 500 मिलीग्राम, टेपेंटाडोल टैबलेट्स 225 मिलीग्राम, चकापेन एक्स्ट्रा—डाइक्लोफेनाक 50 मिलीग्राम और कैफीन 50 मिलीग्राम के दो बैच तथा मेडिकब-55—डाइक्लोफेनाक सोडियम 50 मिलीग्राम शामिल हैं।



## राजस्थान की पोषण स्टाल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना, वाराणसी में लगा स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान में 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक 9वां राष्ट्रीय पोषण माह जन-आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का राष्ट्रीय शुभारंभ 9 सितंबर को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ। कार्यक्रम में देश के 6 राज्यों ने अपने नवाचारों पर आधारित स्टॉल लगाए। राजस्थान के महिला एवं बाल विकास विभाग की स्टॉल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और भारत सरकार के मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राजस्थान की स्टॉल की तस्वीरें साझा की गईं।
वाराणसी में आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान द्वारा अपनी स्टाल की थीम ''सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन, समृद्ध राजस्थान'' रखी गई ।इसमें विभाग के नवाचारों में मातृत्व पोषण हेतु कैश प्लस मॉडल को प्रदर्शित किया गया, इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पूरक पोषाहार के साथ साथ मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे दूध की योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना तथा शालापूर्व शिक्षा के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न नवाचारों को प्रदर्शित किया।
वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस प्रदर्शनी का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, भारत सरकार के सचिव अनिल मलिक व अन्य विशिष्ट प्रतिनिधियों द्वारा अवलोकन किया गया एवं राजस्थान में चल रहे विभिन्न नवाचारों की जानकारी ली एवं प्रदर्शनी की सराहना की।
पोषण माह के दौरान राजस्थान में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और माताओं को पोषण के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और शालापूर्व शिक्षा से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
विभाग की ओर से पोषण से जुड़े संदेशों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर भी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।
इनमें बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, माताओं को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना और आंगनवाड़ी सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना शामिल है। जन-आंदोलन के रूप में मनाए जा रहे इस अभियान में समुदाय की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राजस्थान/ प्रादेशिक

## एसीएस माइंस अपर्णा अरोरा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर किया संवाद



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की अध्यक्ष अपर्णा अरोरा ने गुरुवार को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 से वीडियो/आडियो कॉल पर परिवादियों से सीधे संवाद कायम कर माइंस व प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से संबंधित परिवेदनाओं पर कार्रवाई से संतुष्ट किया। उन्होंने परिवादियों को यह भी विश्वास दिलाया कि संबंधित इलाकों में अधिकारियों को पाबंद किया जा रहा है कि वे समय समय पर औचक निगरानी करेंगे ताकि अवैध खनन या प्रदूषण की घटनाओं की पुनरावृति ना हो सके। जोधपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतकर्ता राजेन्द्र ने इन्द्रोका में अवैध खनन से संबंधित परिवाद दर्ज कराया था जिस पर जोधपुर विकास प्राधिकरण, खान विभाग व संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आमनागरिक सहजता से अपनी समस्या हेल्पलाइन के माध्यम से सरकार के सामने रखकर समाधान करा पाते हैं।

## सचिव रेखा यादव ने बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का किया निरीक्षण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

धौलपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सचिव रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा। निरीक्षण में विधि से संघर्षरत बालक 13 उपस्थित मिले एवं देखरेख एवं संरक्षण बालक 2 उपस्थित मिले एवं शिशु 2 उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान सचिव ने रालसा के पत्र के अनुपालना में सम्प्रेषण गृह में आवासीय व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों, स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा, स्वच्छता तथा बच्चों के पृथक्करण से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। सचिव ने सुरक्षा कर्मियों के बारे में जानकारी ली तो इंचार्ज ने बताया कि संप्रेषण गृह में 6 सुरक्षाकर्मी रहते हैं जिनमें से दो सुरक्षाकर्मी एक साथ प्रतिदिन 8-8 घंटे की ड्यूटी करते हैं। सचिव ने सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था रालसा के निर्देशों के तहत गृह परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## बहरोड़ राजकीय महाविद्यालय में दिवेर विजय महोत्सव पर भाषण प्रतियोगिता आयोजितः नेहा प्रथम, करुण द्वितीय और दिव्या रहीं तृतीय

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बहरोड़। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार श्री धर्मचंद गांधी जैन राजकीय महाविद्यालय, बहरोड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में 'दिवेर विजय महोत्सव' के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "विजयी योद्धा एवं कुशल प्रशासक के रूप में महाराणा प्रताप" विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ओजस्वी विचार रखे। प्रतियोगिता के परिणाम प्रथम स्थानः नेहा (पुत्री चरण सिंह), बीएससी द्वितीय वर्ष

द्वितीय स्थानः करुण कुमार शर्मा (पुत्र सुनील कुमार शर्मा), बीए द्वितीय वर्ष

तृतीय स्थानः दिव्या (पुत्री सुरेन्द्र कुमार), बीएससी द्वितीय वर्ष

ये तीनों विजेता प्रतिभागी अब आगामी जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. विनय सिंह यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक अपराजेय योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और कुशल प्रशासक भी थे। दिवेर का युद्ध उनके सैन्य कौशल, कूटनीति और आत्मबल का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके जीवन मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व क्षमता को अपनाने का आह्वान किया।

विषय प्रवर्तन करते हुए एनएसएस प्रभारी डॉ. नेहा राठौड़ ने दिवेर विजय के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया और कहा कि यह ऐतिहासिक प्रसंग विषम परिस्थितियों में भी धैर्य और संकल्प से विजय पाने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. सरिता बंग, डॉ. विनिता भदौरिया, डॉ. इन्द्रजीत यादव, सपना यादव, कौशल चन्द मिश्रा, प्रदीप सिंह सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष, सैन्य रणनीति और प्रशासनिक क्षमता से जुड़े विभिन्न पहलुओं को अपने वक्तव्यों में प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने उनके साहस, स्वाभिमान और विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष जारी रखने की भावना को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया।



## मतदान प्रक्रिया की गंभीरता से करें तैयारी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

डूंगरपुर। नगर निकाय आम चुनाव- 2026 के अंतर्गत द्वितीय चरण में नगर पालिका सागवाड़ा के पार्षद सदस्य के मतदान करवाने हेतु गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर देशलदान तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अशोक कुमार द्वितीय की उपस्थिति में 35 मतदान दल रवाना किये गए। मतदान दलों के रवाना होने से पूर्व भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में सफल एवं सुचारु मतदान संपन्न करवाने के लिए अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में आयोजित मतदान दल अधिकारियों के अंतिम प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी देशलदान ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी के साथ-साथ सभी पीठासीन अधिकारी मार्गदर्शिका का भी गहन अध्ययन कर लें। इसके लिए 35 मतदान दलों को रवाना किया गया है, वहीं 4 मतदान दलों को रिजर्व रखा गया है।



## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 - विकसित भारत क्विज़ के साथ शुरू

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के नवाचारों एवं नीति निर्धारण में युवाओं के विचारों को शामिल करना है। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों के उपरांत चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। माय भारत जोधपुर के उप निदेशक भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया की माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत क्विज से शुरुआत की गई है। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के पहले चरण के रूप में विकसित भारत क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक 'माय भारत पोर्टल' पर किया जा रहा है। अधिकतम प्रतिभागियों में से शीर्ष 10 प्रतिशत प्रतिभागी अगले चरण - विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। इसी कार्यक्रम के एक और भाग के रूप में जिला स्तर पर सांस्कृतिक ट्रेक का आयोजन भी किया जाएगा।

## दुकान में जोरदार विस्फोट, शटर उड़ा, फ्रिज बाहर आया; धमाके की आवाज से सहम गए ग्रामीण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। जिले के कुराबड़ थाना क्षेत्र के बंबोरा में उदयपुर-सलूंबर रोड पर सामुदायिक अस्पताल के सामने बस स्टैंड पर स्थित दुकान में अचानक हुए जोरदार धमाके से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। धमाका इतना भीषण था कि दुकान का भारी लोहे का शटर उड़ गया और अंदर रखा फ्रिज जोरदार दबाव के साथ बाहर आ गया। इस विस्फोट के कारण दुकान की छत ऊपर से कुछ जगहों पर छेद हो गई तथा दीवारों व छत में गहरी दरारें भी पड़ गई।

अचानक हुए इस जोरदार धमाके की आवाज से आसपास के पड़ोसी और ग्रामीण सहम गए और घरों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही कुराबड़ थानाधिकारी पवन सिंह मय जाप्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। पुलिस और विशेषज्ञ तकनीकी टीम ने दुकान के अंदर जाकर जब बारीकी से छानबीन की, तो स्पष्ट हुआ कि घटना में किसी प्रकार के विस्फोटक, बम या आपसी रंजिश जैसी कोई बात नहीं है। यह दुकान लालूराम पिता नाथू पटेल, निवासी पातुखेड़ा (ग्राम पंचायत सोमखेड़ा) किराए पर लेकर चला रहे थे। जांच में सामने आया कि दुकान के भीतर गैस सिलेंडर व अन्य उपकरणों के कारण गैस लीकेज हुई और रात के वक्त हुए किसी शॉर्ट सर्किट या स्पार्क से जमा हुई गैस ने अचानक आग पकड़ ली।



## पोलिंग पार्टीयों को दिया प्रशिक्षण मतदान की पोलिंग पार्टी मतदान सामग्री लेकर बूथों के लिए रवाना

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बयाना। नगरपालिका चुनाव को लेकर प्रशासन ने मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण देने के साथ ही मतदान सामग्री का वितरण भी शुरू कर दिया गया। रिटर्निंग ऑफिसर अल्का श्रीवास्तव ने मतदान दलों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के निर्देश दिए हैं। बयाना के 35 वार्डों में शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। बयाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर अल्का श्रीवास्तव के नेतृत्व में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर ने मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया और उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को आवश्यक मतदान सामग्री का वितरण शुरू किया गया। आरओ अल्का श्रीवास्तव ने सभी मतदान कर्मियों को निष्पक्ष, निर्भीक और निडर होकर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए। चुनाव शाखा प्रभारी भरत खटाना ने बताया कि नगरपालिका बयाना के सभी 35 वार्डों में शुक्रवार, 11 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

मतदान शुरू होने से पहले सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के साथ निगरानी की भी पुख्ता व्यवस्था की है। सभी मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे।

प्रशासन का दावा है कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। फिलहाल मतदान दलों को सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है। अब शुक्रवार को मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे और 35 वार्डों में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान दलों को रवाना करने से पहले उन्हें उपलब्ध कराई गई सामग्री की दोबारा जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें ईवीएम, आवश्यक प्रपत्र, सील और अन्य चुनावी सामग्री शामिल है। अधिकारियों ने मतदान कर्मियों से कहा कि किसी भी सामग्री की कमी या तकनीकी समस्या सामने आने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दी जाए।



## छोटे कस्बों का जोश शहरों पर भारी, जानें वोटिंग में किसने मारी बाजी?

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान के नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण में छोटे कस्बों का जोश बड़े शहरों पर भारी पड़ा। मतदान में छोटे शहरों ने बड़े नगर निगमों और परिषदों को पीछे छोड़ दिया। कई नगर पालिकाओं में वोटिंग 90 फीसदी के पार पहुंची, जबकि बड़े शहरों में मतदाताओं का उत्साह अपेक्षाकृत फीका रहा। कुल मिलाकर 162 नगरीय निकायों के 5,393 वार्डों में 76.41 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण में पार्षद के 5,393 पदों के लिए 20,623 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हुआ। अब राजनीतिक दल और प्रत्याशी मतदान प्रतिशत के आधार पर अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी समीकरणों का आकलन करने में जुट गए हैं। सबसे अधिक मतदान प्रतापगढ़ जिले की अरनोद नगर पालिका में दर्ज किया गया।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद : अजय सिंह राठौड़




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

झालावाड़। नगरीय निकाय आम चुनाव- 2026 के तहत द्वितीय चरण में 11 सितम्बर को जिले के शेष 4 नगरीय निकाय क्षेत्रों में होने वाले मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अजय सिंह राठौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने नगर पालिका अकलेरा एवं मनोहर थाना क्षेत्र का दौरा कर मतदान एवं मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अकलेरा स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय तथा मनोहर थाना स्थित राजकीय महाविद्यालय में बनाए गए स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा, परिसर की व्यवस्थाओं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा तथा मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मतदान दलों के चल रहे अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के दौरान सामने आई समस्याओं एवं अनुभवों को ध्यान में रखते हुए द्वितीय चरण में आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को यदि अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता महसूस हो तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। ईवीएम की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा मतदान केन्द्र पर शांति एवं पारदर्शिता बनाए रखना सुनिश्चित करें।

## जयपुर सेंट्रल जेल में सुरक्षा व्यवस्था पर सवालः बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के पास मिला मोबाइल फोन

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर/बहरोड़। हाई सिक्योरिटी वाली जयपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था में एक बार फिर बड़ी सेंधमारी सामने आई है। जेल प्रशासन द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूर्व विधायक के पास जेल के भीतर मोबाइल मिलने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक बलजीत यादव पिछले करीब सात महीनों से जयपुर सेंट्रल जेल के वार्ड नंबर 5 में बंद हैं। जेल प्रशासन की ओर से चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान उनके पास से यह मोबाइल फोन बरामद हुआ। मोबाइल बरामदगी के बाद जेल प्रहरी विष्णु की रिपोर्ट पर जयपुर के लालकोठी थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मामले की जांच लालकोठी थाने के एएसआई सूरजमल को सौंपी गई है। पुलिस अब इस बिंदु पर जांच कर रही है कि जेल के कड़े सुरक्षा घेरे के बावजूद मोबाइल फोन अंदर कैसे पहुंचा और पूर्व विधायक इस फोन के जरिए किन-किन लोगों के संपर्क में थे। मोबाइल फोन बरामद होने के बाद जेल प्रशासन और पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रतिबंधित डिवाइस जेल परिसर के अंदर तक कैसे पहुंचा। जांच में जेल में बंद कैदी तक मोबाइल पहुंचाने वाले संभावित माध्यम और इसमें किसी बाहरी व्यक्ति या जेलकर्मी की भूमिका की भी पड़ताल की जा सकती है। सुरक्षा व्यवस्था में सेंध की पूरी कड़ी सामने लाने के लिए उपलब्ध साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है। पुलिस बरामद मोबाइल की तकनीकी जांच भी कर सकती है। फोन में मौजूद कॉल हिस्ट्री, संपर्क नंबर, संदेश और अन्य उपलब्ध डिजिटल जानकारी से यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जा रहा था।



## मनोविज्ञान विभाग ने आयोजित किया साइकोलॉजी डिस्कोर्स

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 10 सितम्बर, 2026 को साइकोलॉजी डिस्कोर्स का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ''करियर्स इन सायकॉलोजी'' विषय पर विभागाध्यक्ष डॉ. शुचि चौधरी एवं प्राध्यापिका शुभी शर्मा के व्याख्यान से हुआ। उन्होंने छात्राओं को मनोविज्ञान में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों एवं अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्रों में करियर बनाने की प्रक्रिया से भी अवगत करवाया। इसके पश्चात विभाग की द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं ने नवागंतुक छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। छात्राओं के बीच आपसी परिचय एवं संवाद को बढ़ावा देने के लिए नृत्य, संगीत, क्विज एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।



# मनोरंजन समाचार

## AI ने कराया टाइम ट्रेवल! 80 में पहुंचे परिणीति-राघव से लेकर कियारा-सिद्धार्थ



सोशल मीडिया पर इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI का एक नया ट्रेंड तेजी से लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस ट्रेंड के जरिए मौजूदा दौर के लोगों की तस्वीरों को 1980 के दशक के अंदाज में बदला जा रहा है। रेट्रो फैशन, पुराने जमाने के हेयरस्टाइल, रंग-बिरंगे आउटफिट और उस दौर की खास बॉलीवुड वाइब के साथ तैयार की गई ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। आम यूजर्स के साथ अब बॉलीवुड और टेलीविजन के सितारे भी इस ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। इस ट्रेंड में शामिल होने वाली चर्चित हस्तियों में कियारा आडवाणी भी हैं। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर AI से तैयार की गई एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह और उनके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा 1980 के दशक के कपल की तरह नजर आ रहे हैं। तस्वीर में दोनों का लुक उस दौर के फैशन से प्रेरित दिखाई देता है। सिद्धार्थ मल्होत्रा को डबल डेनिम आउटफिट और डार्क एविएटर सनग्लासेस में दिखाया गया है। वहीं कियारा के लुक में पिंक ड्रेस, पफ स्लीव्स और बड़े हूप ईयररिंग्स के साथ चूड़ियों जैसे एक्सेसरीज को शामिल किया गया है। पूरा लुक पुराने दौर के बॉलीवुड रोमांस की याद दिलाता है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने भी इस वायरल ट्रेंड को आजमाया। AI से तैयार की गई तस्वीर में दोनों का आउटफिट एक-दूसरे से मैच करता नजर आया। कपल को एसिड-वॉश जींस और पिंक जैकेट में दिखाया गया है, जिससे तस्वीर को उस दौर का खास फैशन टच मिलता है। सोनाक्षी ने अपने लुक में ब्लैक टॉप को शामिल किया, जबकि जहीर ब्लैक शर्ट के साथ पिंक जैकेट में नजर आए।

## 'हनुमान अंश' के आएंगे दो और पार्ट, दूसरे में होगी विराट-अनुष्का की एंट्री? कहानी पर अपडेट, मेकर्स ने खोले पत्ते



बॉलीवुड फिल्म 'हनुमान अंश' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का खूब ध्यान खींच रही है। रिलीज के बाद से ही फिल्म की कमाई को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और हर गुजरते दिन के साथ मेकर्स के हौसले भी बढ़ रहे हैं। फिल्म को मिल रहे रिस्पॉन्स के बीच अब दर्शकों की नजर इसके अगले पार्ट पर टिक गई है। खास बात यह है कि फिल्म की कहानी को शुरुआत से ही एक फिल्म तक सीमित नहीं रखा गया था। मेकर्स ने इसे तीन फिल्मों वाली एक बड़ी सीरीज के तौर पर तैयार करने का प्लान बनाया था। फिल्म की निर्माता नम्रता सिंह ने अब इस पूरी योजना से पर्दा उठाया है। हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में नम्रता सिंह ने फिल्म के भविष्य को लेकर कई अहम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि 'हनुमान अंश' को बनाते समय ही टीम के दिमाग में इसकी पूरी ट्रिलॉजी मौजूद थी। यानी फिल्म की कहानी को तीन अलग-अलग हिस्सों में दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी पहले से थी। नम्रता के मुताबिक पहले पार्ट में महाराज जी के जीवन के शुरुआती वर्षों और उनके कैंची धाम पहुंचने तक की यात्रा को केंद्र में रखा गया है। इसके बाद कहानी का दूसरा अध्याय कैंची धाम और उससे जुड़े आध्यात्मिक पहलुओं पर आगे बढ़ेगा। वहीं तीसरी फिल्म का दायरा भारत से बाहर तक जाएगा और नीम करोली बाबा के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव की कहानी को सामने लाएगा। फैंस भले ही फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हों, लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि फिलहाल इसकी स्क्रिप्ट पर काम शुरू नहीं हुआ है। टीम को आगे की कहानी को सही तरीके से विकसित करने के लिए थोड़ा वक्त चाहिए। नम्रता ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ साल से टीम लगातार काम कर रही है और इस दौरान उन्हें छुट्टी तक नहीं मिली। इसी वजह से अब मेकर्स ने काम दोबारा शुरू करने से पहले करीब 90 दिनों का ब्रेक लेने का फैसला किया है।

## 'इस खूबसूरत कहानी का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया'



शरवरी ने फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म पर काम करते हुए उन्होंने इम्तियाज अली और पूरी टीम के साथ खूब एंज्वॉय किया। फिल्म की कहानी ने उन्हें एक अलग दौर में जाने और ऐसा किरदार निभाने का मौका दिया, जो उनके अब तक के किरदारों से काफी अलग था। शरवरी ने कहा, ''मुझे इस फिल्म पर काम करने में बहुत मजा आया। इम्तियाज अली के साथ यह मेरा पहला काम था। नीलम और संजय सर के साथ भी पहली बार काम किया। असल में पूरी टीम के साथ काम करने में मुझे बहुत मजा आया, क्योंकि यह एक बहुत खूबसूरत कहानी थी।''

# बिपाशा बसु को न्यूट्रिशन प्रोडक्ट में मिले छोटे कीड़े, तुकाराम मुंढे को टैग कर बोलीं- 'आप आखिरी उम्मीद हैं'

बिपाशा बसु ने एक न्यूट्रिशन प्रोडक्ट से जुड़ी फूड-सेफ्टी की समस्या पर चिंता जताई है। उन्होंने गुरुवार, 10 सितंबर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उन्हें एक प्रोडक्ट के अंदर छोटे-छोटे कीड़े मिले। उन्होंने इस वीडियो में महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) के कमिश्नर तुकाराम मुंढे को टैग भी किया है और उनसे अपील की कि इस तरह के मिलावट के मामले में वे मदद करें। एक्ट्रेस ने तुकाराम मुंढे से मिलावटी और खराब प्रोडक्ट्स के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की। इसके पहले श्वेता तिवारी के ऑनलाइन ऑर्डर किए गए ड्रिंक से एक कॉकरोच निकला था और उन्होंने भी महाराष्ट्र एफडीए कमिश्नर से इस लापरवाही पर कार्रवाई करने की अपील की थी। वीडियो में बिपाशा बसु ने कंटेनर के अंदर की चीजों को जूम करके दिखाया और बताया कि ये छोटे-छोटे कीड़े हैं। वीडियो में बिपाशा को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'इस न्यूट्रिशन प्रोडक्ट में कीड़े



भरे हुए हैं... बहुत छोटे-छोटे कीड़े। हमने जो नया डिब्बा खोला है, वह कीड़ों से भरा हुआ है।' इस क्लिप के साथ बिपाशा ने तुकाराम मुंढे को टैग किया और लिखा, '@tukaram_ias आप ही हमारी आखिरी उम्मीद हैं... ताकि हम जो भी खरीदें, उसमें हमें खराब या मिलावटी सामान न मिले।' एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने Elle India से बातचीत में बताया कि जब उन्होंने 'जिस्म' साइन करने का फैसला किया तो उन्हें पता था कि वह बहुत बड़ा रिस्क ले रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उस वक्त इंडस्ट्री में कई लोगों ने उन्हें ये फिल्म नहीं करने की सलाह दी थी, क्योंकि उन्होंने चिंता थी कि बोल्ड सीन करना बिपाशा के करियर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसी बातचीत में बिपाशा ने बेटी देवी के जन्म के बाद बढ़े वजन को लेकर हुई ट्रोलिंग पर भी बात की। प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस बिपाशा ने अभी किसी फिल्म की घोषणा नहीं की है। हाल के सालों में लाइमलाइट से दूर रहीं इस एक्ट्रेस को आखिरी बार 2020 की वेब सीरीज 'डेंजरस' में देखा गया था।

उनके फैंस बड़े पर्दे पर उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। बिपाशा की शिकायत सामने आने के बाद अब संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से मामले की जांच किए जाने की उम्मीद है। यदि प्रोडक्ट का नमूना जांच के लिए लिया जाता है तो लैब रिपोर्ट से इसकी गुणवत्ता और उसमें किसी तरह के संदूषण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। फिलहाल सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के आधार पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। खाद्य उत्पादों में किसी भी तरह की बाहरी सामग्री या कीड़े मिलने की शिकायत उपभोक्ताओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। खासकर न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल लोग स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों के लिए करते हैं, इसलिए इनके निर्माण, पैकेजिंग और भंडारण के दौरान स्वच्छता के मानकों का पालन बेहद जरूरी है।

# भोजपुरी इंडस्ट्री में फीमेल सुपरस्टार्स की फिल्में कर रही हैं कमाल : आम्रपाली दुबे

भोजपुरी सिनेमा की जानी- मानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे इन दिनों 'बिग-बॉस 20' में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने भोजपुरी इंडस्ट्री के बदलाव पर बात करते हुए कहा कि हाल के सालों में इंडस्ट्री में फीमेल-ओरिएंटेड कहानियां और फीमेल सुपरस्टार्स के कारण फिल्में ज्यादा सफल हो रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि अब लेखकों को मुश्किल किरदारों के लिए उन्हें पहली पसंद के तौर पर देखना चाहिए। अभिनेत्री से आईएएनएस ने सवाल किया, "क्या आपको लगता है कि भोजपुरी इंडस्ट्री ने उन्हें काफी चुनौतीपूर्ण किरदार दिए हैं?" अभिनेत्री ने कहा, "हां, दिए हैं। मुझे लगता है कि जब भी कोई लेखक कोई चुनौतीपूर्ण किरदार लिखता है, तो उसके दिमाग में सबसे पहला नाम आम्रपाली दुबे का ही आना चाहिए।" अभिनेत्री से आईएएनएस ने एक और सवाल किया, "क्या आप इस बात से सहमत होंगी कि भोजपुरी सिनेमा की अक्सर आलोचना होती है कि वह दमदार महिला-प्रधान कहानियों के बजाय स्टार जोड़ियों पर ज्यादा निर्भर रहा है?"

अभिनेत्री ने कहा, "पिछले तीन, साढ़े तीन साल से भोजपुरी में जो फिल्में चली हैं, वो सिर्फ फीमेल सुपरस्टार्स की फिल्में हैं और ये बहुत गर्व की बात है।"

उन्होंने कहा, "मुझे ये कहते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हमारी इंडस्ट्री के नियम बदल गए हैं। अगर आप देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि पिछले तीन, साढ़े तीन साल, बल्कि चार-पांच साल से काफी महिला-प्रधान फिल्में बन रही हैं और वो अच्छा कर रही हैं। लोगों का बहुत प्यार मिल रहा है।"

आम्रपाली ने कहा कि धीरे-धीरे माहौल बदला है। उन्होंने कहा, "किसी भी बदलाव को लाने में समय लगता है। हम भी अपना समय ले रहे हैं। हम थोड़ा लेट आएंगे लेकिन बहुत मजबूती के साथ आएंगे।"

बिग बॉस भारत में बिग बॉस फ्रेंचाइजी का एक भारतीय हिंदी भाषा का रियलिटी टेलीविजन शो है, जो कलर्स टीवी पर आता है। इस बार शो की थीम 'तथास्तु' रखी गई है, जिसके तहत कंटेस्टेंट्स को गेम में आगे टिके रहने के लिए दो लाइफलाइन (मौके) मिलेंगी। आम्रपाली दुबे के मुताबिक, भोजपुरी सिनेमा में यह बदलाव केवल फिल्मों की कहानियों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला कलाकारों के लिए भूमिकाओं के दायरे में भी विस्तार हुआ है। अब अभिनेत्रियों को सिर्फ पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित रखने के बजाय ऐसे किरदार दिए जा रहे हैं, जिनमें अभिनय की अलग-अलग क्षमताओं को दिखाने का अवसर मिलता है।

अभिनेत्री का मानना है कि दर्शकों की पसंद में बदलाव भी इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब दर्शक महिला-केंद्रित कहानियों को पसंद करते हैं और उन्हें सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स मिलता है, तो निर्माताओं और लेखकों का भरोसा भी ऐसे विषयों पर बढ़ता है। इससे आगे और मजबूत महिला पात्रों वाली फिल्मों के निर्माण का रास्ता खुलता है। आम्रपाली ने यह भी संकेत दिया कि किसी भी कलाकार के लिए चुनौतीपूर्ण किरदार उसकी अभिनय क्षमता को साबित करने का बेहतर अवसर देते हैं।

उनका कहना है कि लेखकों को ऐसे पात्रों के लिए अभिनेत्रियों को ध्यान में रखकर कहानी विकसित करनी चाहिए, ताकि महिला कलाकार भी अपनी प्रतिभा के अलग-अलग पहलुओं को दर्शकों के सामने ला सकें। भोजपुरी सिनेमा में महिला कलाकारों की बढ़ती लोकप्रियता के बीच यह बदलाव इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यदि महिला-प्रधान फिल्मों को लगातार दर्शकों का समर्थन मिलता रहा तो निर्माताओं का ध्यान नए विषयों और अलग तरह की कहानियों की ओर और बढ़ सकता है।

वहीं, आम्रपाली दुबे इन दिनों 'बिग बॉस 20' के जरिए भोजपुरी सिनेमा से बाहर भी हिंदी दर्शकों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही हैं। रियलिटी शो में उनका व्यक्तित्व और रोजमर्रा के व्यवहार को देखने का मौका दर्शकों को मिल रहा है। शो के जरिए उनके प्रशंसकों के साथ-साथ नए दर्शकों तक भी उनकी पहुंच बढ़ने की संभावना है। भोजपुरी इंडस्ट्री में महिला-केंद्रित फिल्मों को लेकर आम्रपाली का बयान ऐसे समय में आया है, जब क्षेत्रीय सिनेमा में भी दर्शकों की बदलती पसंद के अनुरूप विषयों और किरदारों में प्रयोग देखने को मिल रहे हैं।



## 7 पार्ट में बनेगी 'श्रीमद्भागवत', पहला पार्ट 'विष्णुरत' का ऐलान, अध्यात्मिक विरासत को ग्लोबल बनाने की तैयारी




भारतीय पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ी श्रीमद्भागवत अब बड़े पर्दे पर एक बेहद अलग अंदाज में नजर आने वाली है। सागर पिक्चर्स एंटरटेनमेंट ने इस पवित्र ग्रंथ पर आधारित एक विशाल लाइव-एक्शन फिल्म फ्रेंचाइजी का ऐलान किया है। खास बात यह है कि मेकर्स पूरी कथा को एक बॉलीवुड फिल्म में समेटने के बजाय इसे सात अलग-अलग फिल्मों के जरिए दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं। इस सात भागों वाली सीरीज की शुरुआत 'श्रीमद्भागवत पार्ट 1: विष्णुरत' से होगी। मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर पोस्टर भी जारी कर दिया है। इसके साथ ही इस महत्वाकांक्षी सिनेमाई सफर की आधिकारिक शुरुआत हो गई है। फिल्म को दुनियाभर के सिनेमाघरों में 2027 में रिलीज करने की योजना है और इसे प्रीमियम लार्ज फॉर्मेट में भी दिखाया जाएगा। फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म का नाम 'विष्णुरत' रखा गया है। यह नाम भगवान विष्णु की संरक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्ति के अर्थ को दर्शाता है। फिल्म का शीर्षक ही इस बात का संकेत देता है कि कहानी भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और भगवान विष्णु से जुड़े व्यापक आख्यानों की ओर ले जाएगी। हालांकि सात फिल्मों की घोषणा से इतना स्पष्ट है कि दर्शकों को श्रीमद्भागवत की कथा का विस्तृत सिनेमाई अनुभव देने की तैयारी है।

## मैंने मजाक में बोला, गलत संदेश गया हो तो माफी', संजय दत्त ने अपने बयान पर दी सफाई

अभिनेता संजय दत्त ने महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को फोन कर दहीहंडी कार्यक्रम के दौरान मराठी भाषा को लेकर दिए अपने बयान पर सफाई दी और कहा कि उनका बयान मजाक में दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके बयान से कोई गलत संदेश गया हो तो वह इसके लिए क्षमा चाहते हैं। जानकारी के अनुसार, मंत्री प्रताप सरनाईक एक बैठक में थे, तभी संजय दत्त का फोन आया। अभिनेता ने बातचीत की शुरुआत मराठी में "प्रताप भाई, जय महाराष्ट्र..." कहकर की। संजय दत्त ने कहा कि ठाणे में आयोजित दहीहंडी कार्यक्रम में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था कि "मैं छह साल येरवडा जेल में रहकर भी मराठी नहीं सीख पाया।" उनका कहना था कि इस टिप्पणी को गंभीरता से लिया गया और इससे गलत संदेश चला गया। उन्होंने सरनाईक से कहा, "मुझे अच्छी मराठी आती है। अगर मेरी बात से किसी की भावना आहत हुई हो या कोई गलत संदेश गया हो तो मैं माफी चाहता हूं। मेरा परिवार मुंबईकर है। मैं इसी मिट्टी में पला-बढ़ा हूं और महाराष्ट्र ने मुझे बहुत कुछ दिया है।" बता दें कि ठाणे में प्रताप सरनाईक के संस्कृति युवा प्रतिष्ठान की दहीहंडी महाराष्ट्र की प्रमुख दहीहंडियों में मानी जाती है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में संजय दत्त, सुनील शेट्टी, भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव समेत कई फिल्मी हस्तियां, राजनीतिक नेता और कारोबारी शामिल हुए थे।

मराठी भाषा को लेकर सरनाईक के सख्त रुख की पृष्ठभूमि में कार्यक्रम में पहुंचे कई सेलिब्रिटीज ने मराठी में संबोधन किया था। इसी दौरान संजय दत्त का "मराठी नहीं सीख पाया" वाला बयान सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। कई लोगों ने इसकी आलोचना करते हुए



सवाल उठाए कि क्या मराठी सीखने की अपेक्षा केवल रिक्शा और टैक्सी चालकों से ही की जाती है। फोन पर बातचीत के दौरान संजय दत्त ने शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के कठिन दौर में बालासाहेब ठाकरे मजबूती से उनके साथ खड़े रहे थे और वह उनके प्रति हमेशा सम्मान रखते हैं। संजय दत्त की इस सफाई के बाद मामले को लेकर जारी विवाद के शांत होने की संभावना जताई जा रही है।

# सार समाचार

## मिडटर्म चुनाव को ट्रंप ने बताया निर्णायक, रिपब्लिकन को बहुमत दिलाने की अपील



वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवंबर में होने वाले कांग्रेस चुनावों को एक अहम फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव तय करेगा कि उनकी सरकार का एजेंडा आगे बढ़ेगा या सत्ता फिर से डेमोक्रेट्स के हाथ में जाएगी। उन्होंने टैक्स, स्वास्थ्य सेवा, सीमा सुरक्षा और अपराध जैसे मुद्दों पर आगे भी काम करने का वादा किया। डलास में रिपब्लिकन नेशनल कमेटी के विशेष मिडटर्म सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, "55 दिनों में अमेरिकी लोग हमारे इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण चुनावों में से एक में वोट डालने जा रहे हैं।" उन्होंने कहा, "आपका वोट तय करेगा कि हमारे देश के अगले 250 साल की शुरुआत में ही हम लड़खड़ा जाएंगे या तेजी से आगे बढ़ेंगे और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे।" ट्रंप ने अमेरिकी जनता से प्रतिनिधि सभा और सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों को बहुमत दिलाने की अपील की। उन्होंने इस चुनाव को राष्ट्रपति पद पर अपने दूसरे कार्यकाल के पहले 19 महीनों के कामकाज पर जनता के फैसले के तौर पर पेश किया। साथ ही उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके उम्मीदवारों पर तीखा हमला बोला। ट्रंप ने कहा, "इस चुनाव में फैसला बहुत आसान है।" मैं आपसे कह रहा हूं कि हमें वह काम पूरा करने का मौका दें, जिसकी शुरुआत हमने राष्ट्रपति पद के इतिहास के सबसे शानदार दो वर्षों के साथ की थी। साथ मिलकर हम दो साल की वापसी को 250 साल की बढ़त में बदल देंगे।" राष्ट्रपति ने कहा कि रिपब्लिकन सांसदों ने उनकी सरकार के एजेंडे को लागू करने में मदद की है।

## पाकिस्तान के लिए मक्का समझौता 'रक्षात्मक गठबंधन', हूती विद्रोहियों पर हमले का इरादा नहीं



इस्लामाबाद। एक दिन पहले तक सऊदी अरब पर हूती के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की बात करने वाले पाकिस्तान के सुर बदल गए हैं। इस्लामाबाद ने सऊदी अरब और तुर्की के साथ पिछले महीने हुए मक्का पैक्ट को एक रक्षात्मक गठबंधन बताया है और फिलहाल इसमें किसी अन्य देश को शामिल करने की कोई योजना नहीं है और न ही हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक्शन का कोई इरादा है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उनसे पूछा गया था कि सऊदी अरब पर हूती हमले के बाद पाकिस्तान इस समझौते के तहत अपनी जिम्मेदारियों को किस तरह पूरा करेगा। प्रवक्ता ने कहा, "समझौते का उद्देश्य सदस्य देशों की सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करना है।"

## अमेरिका ने चीन जाने वाले नागरिकों को जारी की चेतावनी, मनमानी गिरफ्तारी और एग्जिट बैन का खतरा



वॉशिंगटन। अमेरिका ने चीन के लिए अपनी यात्रा सलाह (ट्रैवल एडवाइजरी) को अपडेट किया है। इसमें अमेरिकी नागरिकों को मनमानी कानूनी कार्रवाई, निगरानी, देश छोड़ने पर रोक और बिना उचित कारण गिरफ्तारी या हिरासत में लिए जाने के जोखिम को लेकर चेतावनी दी गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने चीन के लिए अपनी 'लेवल-2' एडवाइजरी बरकरार रखी है और अमेरिकी नागरिकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा है। यह एडवाइजरी चार सितंबर को जारी की गई थी और इस सप्ताह बंधक मामलों के लिए राष्ट्रपति के विशेष दूत के कार्यालय की ओर से सार्वजनिक की गई। एडवाइजरी में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिकों को 'स्थानीय कानूनों के मनमाने इस्तेमाल, कानून के तहत निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के बिना लगाए जाने वाले एग्जिट बैन तथा अनुचित गिरफ्तारी या हिरासत के जोखिम' के कारण अधिक सतर्क रहना चाहिए। विदेश विभाग ने कहा कि चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा, जासूसी-रोधी और डेटा सुरक्षा से जुड़े कानून अधिकारियों को विदेशी नागरिकों से पूछताछ करने या उन्हें हिरासत में लेने के व्यापक अधिकार देते हैं। विभाग के अनुसार, इससे सामान्य कारोबारी कामकाज, शोध कार्य या सार्वजनिक रूप से अपनी राय व्यक्त करने वाले अमेरिकी नागरिक भी जोखिम में पड़ सकते हैं। इनमें चीनी मूल के अमेरिकी नागरिक, व्यापारिक विवादों में शामिल लोग और चीन में विवादों का सामना कर रही अमेरिकी कंपनियों से जुड़े लोग शामिल हैं।

# भारत और कतर ने रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने एवं बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा



दोहा। कतर में भारत के नए राजदूत श्रीकर रेड्डी ने गुरुवार को विदेश राज्य मंत्री सुल्तान बिन साद अल मुरैखी को अपने नियुक्ति पत्र की प्रति सौंपी और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। कतर स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया, "कतर में भारत के राजदूत डॉ. के श्रीकर रेड्डी ने सुल्तान बिन साद अल मुरैखी, विदेश राज्य मंत्री से मुलाकात की और नियुक्ति पत्र की प्रति प्रस्तुत की। राजदूत ने भारत के नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं और दोनों ने भारत-कतर संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के उपायों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया।" बता दें कि राजदूत रेड्डी शनिवार को दोहा पहुंचे थे, जहां प्रभारी राजदूत संदीप कुमार और प्रोटोकॉल विभाग के निदेशक इब्राहिम यूसुफ फखरो ने उनका स्वागत किया। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा, "कतर में भारत के नामित राजदूत डॉ. श्रीकर रेड्डी गुरुवार को दोहा पहुंचे। प्रभारी राजदूत संदीप कुमार राजदूत इब्राहिम यूसुफ फखरो, और प्रोटोकॉल निदेशक के साथ डॉ. रेड्डी के स्वागत में शामिल हुए। दूतावास नए राजदूत को दिए गए गर्मजोशी भरे भव्य स्वागत के लिए राजदूत इब्राहिम फखरो का धन्यवाद करता है। हम भारत और कतर के बीच घनिष्ठ और लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।" विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जुलाई में मध्य-पूर्वी देश का दौरा किया था और दोहा में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से भी मुलाकात की थी। बैठक के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के नए अवसरों की तलाश की। हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के नए अवसरों की तलाश की।

# पाकिस्तानी मानवाधिकार संस्था ने अफगान मेडिकल छात्रों को निष्कासित करने का फैसला वापस लेने की मांग की



वॉशिंगटन। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने पाकिस्तान सरकार से अफगान मेडिकल और डेंटल छात्रों को निष्कासित करने का फैसला वापस लेने और उनका दाखिला बहाल करने की मांग की है। एचआरडब्ल्यू ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान ने देश के सभी मेडिकल और डेंटल संस्थानों को अफगान छात्रों को निष्कासित कर उन्हें अफगानिस्तान लौटाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। संगठन ने इसे पाकिस्तान द्वारा अफगान नागरिकों को देश से बाहर भेजने की नई कार्रवाई बताया। एचआरडब्ल्यू के अनुसार, अफगान महिला छात्रों के लिए यह फैसला बेहद गंभीर है, क्योंकि तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं के विश्वविद्यालयों और मेडिकल शिक्षा पर प्रतिबंध लगा रखा है। ऐसे में उन्हें वापस भेजे जाने का मतलब उनके डॉक्टर या डेंटिस्ट बनने की संभावना का खत्म हो जाना है। संगठन ने बताया कि पाकिस्तान के मेडिकल संस्थानों ने अफगान नागरिकों के नए दाखिले भी रोक दिए हैं। लाहौर के किंग एडवर्ड मेडिकल यूनिवर्सिटी ने 20 अफगान मेडिकल छात्रों, जिनमें चार महिलाएं और अंतिम वर्ष के सात छात्र शामिल हैं, को 24 घंटे के भीतर प्रस्थान संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने का निर्देश दिया है। एचआरडब्ल्यू ने पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) का हवाला देते हुए कहा कि केवल लाहौर में करीब 100 अफगान मेडिकल और डेंटल छात्र इस फैसले से प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें 20 से 40 महिला छात्राएं शामिल हैं। कई छात्रों ने संभावित निर्वासन के डर से सुरक्षित आश्रय और कानूनी सहायता की मांग की है। संगठन ने कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों संबंधी संधि का पक्षकार है और उसे बिना किसी भेदभाव के योग्यता के आधार पर उच्च शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। केवल अफगान नागरिक होने के आधार पर दाखिला समाप्त करना इस संधि के प्रावधानों के विपरीत है। एचआरडब्ल्यू ने यह भी कहा कि उसने पहले भी पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की मनमानी गिरफ्तारी और जबरन वापसी के मामलों का दस्तावेजीकरण किया है। संगठन के अनुसार, पाकिस्तान पर नॉन-रिफाउलमेंट के सार्वभौमिक सिद्धांत का पालन करने की जिम्मेदारी है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को ऐसे स्थान पर जबरन नहीं भेजा जा सकता जहां उसे उत्पीड़न, यातना या गंभीर खतरे का सामना करना पड़े।

# नेपाल बाढ़ त्रासदी : पुनर्निर्माण के लिए 4.74 अरब डॉलर की जरूरत, सरकार ने किया आकलन



काठमांडू। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि 26 अगस्त को रसुवा जिले में नेपाल की भोटेकोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण और बहाली के लिए अनुमानित एनपीआर 723.315 अरब (4.74 अरब डॉलर) की आवश्यकता होगी। संसाधनों की यह अनुमानित जरूरत 'रैपिड डैमेज एंड नीड्स असेसमेंट' (आरडीएनए) रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे नेशनल प्लानिंग कमीशन और नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी की एक संयुक्त तकनीकी टीम ने तैयार किया है। 2015 के भूकंप के बाद 'पोस्ट-डिजास्टर नीड्स असेसमेंट' (पीडीएनए) रिपोर्ट में नेपाल के लिए संसाधनों की जरूरत का अनुमान 6.69 अरब डॉलर लगाया गया था। संसाधनों की इतनी बड़ी जरूरत का अनुमान इसलिए लगाया गया क्योंकि विनाशकारी बाढ़ में 1,377 लोगों की मौत हो गई और गुरुवार सुबह 11 बजे तक 5,130 लोग लापता थे, साथ ही भोटेकोशी और त्रिशूली नदी कॉरिडोर के साथ बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा, जिसमें एक दर्जन से अधिक जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। आरडीएनए रिपोर्ट के मुताबिक, बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जिसकी बहाली के लिए 3.1 अरब डॉलर (एनपीआर 473.572 अरब) की आवश्यकता है, जो कुल अनुमानित बहाली जरूरतों का लगभग 75 प्रतिशत है। ऊर्जा क्षेत्र पर विशेष रूप से बुरा असर पड़ा है। बाढ़ ने 759 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाली 13 जलविद्युत परियोजनाओं और 24 मेगावाट की कुल क्षमता वाले पांच सौर संयंत्रों को प्रभावित किया है। इस आपदा से ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचा।

# अमेरिकी 'आर्थिक युद्ध' को ईरान ने बताया 'आर्थिक आतंकवाद'



तेहरान। ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे अमेरिकी 'आर्थिक युद्ध' को ईरान ने 'आर्थिक आतंकवाद' बताया। ईरान की 27 एयरलाइंस और नागरिक विमानन से जुड़ी संस्थाओं पर लगाए गए नए अमेरिकी प्रतिबंधों की निंदा करते हुए संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत गुलाम हुसैन दर्जी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष को पत्र लिखा। राजदूत गुलाम हुसैन ने कहा कि ईरान के खिलाफ अपने मकसद में नाकाम रहने के बाद, अमेरिका ने आक्रामकता के एक वैकल्पिक तरीके के तौर पर आर्थिक दबाव का रास्ता अपनाया है। अमेरिका 'ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट' के जरिए आम नागरिकों के लिए जरूरी क्षेत्रों को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाकर और ईरानी जनता को अहम सामान और सेवाओं से वंचित रखकर उन्हीं मकसदों को हासिल करने की कोशिश कर रहा है। ईरान की मेहर समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पत्र में दर्जी ने कहा कि इन प्रतिबंधों की वजह से नागरिक विमानों के सुरक्षित संचालन के लिए जरूरी स्पेयर पार्ट्स, उपकरण, रखरखाव, मरम्मत, निरीक्षण और तकनीकी सेवाओं तक पहुंच में बाधा आती है। यह सभी नागरिक विमानों के सुरक्षित संचालन के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि इसके कारण यात्रियों और विमानन क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा पर अनावश्यक जोखिम बढ़ जाता है। साथ ही, लाखों आम नागरिकों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, ईरानी राजनयिक ने कहा, "ये कदम तीन अक्टूबर 2018 को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) की ओर से दिए गए आदेश की भी खुली अनदेखी हैं। अदालत ने स्पष्ट रूप से माना था कि अमेरिकी प्रतिबंधों का असर नागरिक विमानन की सुरक्षा और उस पर निर्भर लोगों के जीवन पर पड़ सकता है। अदालत ने अमेरिका से कहा था कि वह ईरान को नागरिक विमानन सुरक्षा के लिए जरूरी सामान और सेवाओं के निर्यात में आने वाली बाधाओं को हटाए।"

# बांग्लादेश: जेल में बंद बेटे चिन्मय कृष्ण दास को देखे बिना मां ने त्यागे प्राण

ढाका। बांग्लादेश के प्रमुख हिंदू अधिकार नेता चिन्मय कृष्ण दास की मां का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा जेल में बंद बेटे से मिलने की थी लेकिन जेल प्रशासन ने पैरोल पर रिहा करने से इनकार कर दिया था। गुरुवार सुबह चटगांव जिले के हथजारी उपजिले में स्थित श्री श्री पुंडरीक धाम आश्रम में 71 वर्षीय संध्या रानी धर का निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार को खुद उस आश्रम में जाने की इच्छा जताई थी, जहां उनका बेटा लंबे समय से रह रहा था। इससे पहले बीमार पड़ने पर उन्हें चटगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने कैंसर की पुष्टि की थी। हालांकि, बांग्लादेश के बंगाली अखबार 'कालबेला' की रिपोर्ट के अनुसार, वह अस्पताल में नहीं रहना चाहती थीं और अपनी जिंदगी के आखिरी दिन अपने बेटे के आश्रम में बिताना चाहती थीं। अपनी मां के निधन की पुष्टि करते हुए, दास के भाई अंजन कुमार धर ने रुंधे गले से 'कालबेला' को बताया, "मेरी मां चली गईं। मेरा भाई अपनी मां के जीवित रहते उन्हें देख भी नहीं सका।" उनके दूसरे भाई रंजन कुमार धर ने कहा, "हम अब अपनी मां का शव लेकर हथजारी उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स जा रहे हैं। वहां से, हम मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ अपने भाई की पैरोल पर रिहाई के लिए आवेदन करेंगे। हमारी मां का अंतिम संस्कार हथजारी के पुंडरीक धाम में किया जाएगा।" सूत्रों के हवाले से 'कालबेला' ने बताया कि अपने बेटे की लंबी जेल की सजा के कारण संध्या रानी धर मानसिक रूप से टूट गई थीं।

# यमन में हूती हमलों के पीछे ईरान का हाथ? तेहरान ने अमेरिकी दावे को बताया बेबुनियाद

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने हूती हमलों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर तीखा हमला बोला। बाघेई ने रुबियो के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि हूती समूह कई मायनों में ईरान के एजेंट और प्रॉक्सी हैं। इसके पीछे स्पष्ट रूप से ईरान का हाथ है। गुरुवार तड़के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस्माइल बाघेई ने लिखा, "मार्को रुबियो के आरोप तथ्यों की जगह नहीं ले सकते। अंसारल्लाह (हूती समूह) एक स्वतंत्र यमनी पक्ष है, जो अपने फैसले खुद लेता है। वह किसी के आदेश पर काम नहीं करता और न ही किसी देश का प्रतिनिधि बनकर काम करता है। क्षेत्र में अस्थिरता की असली वजह अमेरिका की सैन्य दखलअंदाजी और प्रभुत्व कायम करने वाली नीतियां हैं। अगर वॉशिंगटन सच में शांति चाहता है तो उसे एक आसान कदम उठाना चाहिए और वह है हमारे क्षेत्र में नुकसान पहुंचाने वाली तथा अस्थिरता बढ़ाने वाली दखलअंदाजियों को खत्म करना। बमबारी या बाहरी दबाव के जरिए यमन में शांति नहीं लाई जा सकती। इसकी शुरुआत ईमानदार बातचीत से होती है, जो सभी पक्षों की ओर से पहले से तय किए गए रोडमैप और समझौतों के आधार पर आगे बढ़े।" सऊदी अरब में हो रहे हूती हमलों का जवाब देते हुए मार्को रुबियो ने आरोप लगाया था कि हूथी समूह कई मायनों में ईरान के एजेंट और प्रॉक्सी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, रुबियो ने कहा कि मेरा मानना है कि कई मायनों में हूती ईरान के सहयोगी और उसके प्रभाव में काम करने वाले समूह हैं।

# किम जू ए के अलावा किम जोंग उन के हैं और भी बच्चे! उत्तराधिकारी को लेकर दक्षिण कोरियाई एजेंसी का नया दावा



सोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बेटी किम जू ए के सगे भाई या बहन होने का दावा किया गया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि किम जू ए को उनके पिता का संभावित उत्तराधिकारी तैयार किया जा रहा है और उनके सगे छोटे भाई या बहन भी हैं। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) पहले भी कह चुकी है कि किम जोंग उन के तीन बच्चे हैं। हालांकि, उनके बच्चों के जन्मक्रम को लेकर अब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं थी। एनआईएस ने एक बयान में कहा, "नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस का वर्तमान आकलन है कि किम जू ए को उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है और एजेंसी को उनके छोटे भाई या बहन के होने की जानकारी है, जिसका लिंग अज्ञात है।" एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की पुष्टि करने की कोशिश कर रही है कि किम जू ए का कोई बड़ा भाई भी है या नहीं। हालांकि, एनआईएस का मानना है कि अगर ऐसा कोई बड़ा भाई मौजूद भी है तो उसके उत्तराधिकारी बनने की स्थिति में होने की संभावना नहीं है। किम जू ए को पहली बार नवंबर 2022 में सार्वजनिक रूप से देखा गया था, जब वह अपने पिता के साथ अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के परीक्षण के दौरान नजर आई थीं। इसके बाद से वह उत्तर कोरिया के कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य कार्यक्रमों में किम जोंग उन के साथ दिखाई देती रही हैं। वह अपने पिता के साथ महत्वपूर्ण सैन्य कार्यक्रमों के अलावा विदेश यात्रा और बड़े राजनीतिक आयोजनों में भी नजर आई हैं। ऐसे में किम जोंग उन के उत्तराधिकारी को लेकर किसी भी संकेत को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

# खेल समाचार

## मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन से छाप छोड़ने को तैयार फर्नांडीज

मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के नए मिडफील्डर एंजो फर्नांडीज 13 सितंबर को पुराने प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। वह इस मैच में दमदार प्रदर्शन करके छाप छोड़ना चाहते हैं। चेल्सी से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए फर्नांडीज ने कहा कि वह अपने नए क्लब में जल्दी ही घुल-मिल गए हैं और टीम को बड़ी सफलता दिलाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसकी शुरुआत उनके स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ एक कठिन परीक्षा से होगी। फर्नांडीज ने 'जियोहॉटस्टार' के साथ एक इंटरव्यू में कहा, "सच कहूं तो मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैंने हमेशा मैनचेस्टर सिटी जैसे बड़े क्लब में रहने का सपना देखा था, इसलिए मैं इस मौके के लिए आभारी हूं। मेरे और मेरे परिवार के लिए यह बहुत भावुक पल है कि मैं 25 साल की उम्र में अपने फुटबॉल करियर में यह कदम उठा रहा हूं, जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था। इसी वजह से मैं यहां क्लब में बिताए शुरुआती दिनों का आनंद लेकर बहुत खुश हूं। मैं पहले से देख सकता हूं कि यह कितना बड़ा क्लब है, और हम साथ मिलकर क्या करेंगे और बहुत कुछ जीतेंगे।" उन्होंने कहा, "मुझे अर्जेंटीना फुटबॉल और पुर्तगाल में कई अनुभव मिले हैं, और अब मैं प्रीमियर लीग में आ गया हूं।"

## ईस्ट जोन के लिए खत्म हुआ 13 साल का सूखा, ईशान किशन की कप्तानी में जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब



ईशान किशन की कप्तानी में ईस्ट जोन ने 13 साल का सूखा खत्म करते हुए दलीप ट्रॉफी के खिताब को अपने नाम किया। एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए साउथ जोन के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पहली पारी के आधार पर हासिल की बढ़त के चलते ईस्ट जोन को विजेता घोषित किया गया। ईस्ट जोन ने तीसरी बार दलीप ट्रॉफी के खिताब को अपने नाम किया है। इससे पहले, टीम ने साल 2012-13 में आखिरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। ईस्ट जोन का प्रदर्शन फाइनल मुकाबले में लाजवाब रहा। पहली पारी में ईस्ट जोन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 708 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। कप्तान ईशान किशन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 270 रनों की यादगार पारी खेली। 334 गेंदों की अपनी इस पारी में ईशान ने 30 चौके और 7 छक्के लगाए। वहीं, कुमार कुशाग्र ने शतक लगाया और 132 गेंदों में 101 रनों का योगदान दिया। शिखर मोहन ने 85 रन बनाए, तो वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 37 गेंदों में 44 रन बनाए। अभिमन्यु ईश्वरन ने 86 गेंदों में 72 रनों का योगदान दिया। अनुकूल रॉय ने 45 और मोहम्मद कैनेन कुरैशी ने 40 रन बनाए। ईस्ट जोन द्वारा पहली पारी में बनाए गए 708 रनों के जवाब में साउथ जोन की टीम कप्तान तिलक वर्मा की 99 रनों की पारी के बावजूद 336 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

## एशियन गेम्स में भारत की सफलता का राज, इन खेलों ने दिलाई सबसे बड़ी कामयाबी



चार साल में एक बार आयोजित होने वाले 'एशियन गेम्स' की शुरुआत साल 1951 में हुई थी, जिसका पहला संस्करण भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। भारत ने अब तक दो बार (साल 1951 और 1982) में इन खेलों की मेजबानी की है। एशियन गेम्स में सर्वाधिक मेडल चीन के नाम है, जिसने 1,674 गोल्ड, 1,105 सिल्वर और 791 सिल्वर के साथ कुल 3,570 पदक हासिल किए हैं। सिर्फ तीन देश अब तक 1,000 मेडल के आंकड़े को छू सके हैं, जिसमें चीन के बाद जापान (3,200 से ज्यादा मेडल) और साउथ कोरिया (कुल 2,400 से ज्यादा मेडल) शामिल हैं। भारत ने साल 1951 में आयोजित एशियन गेम्स में दूसरा पायदान हासिल करते हुए कुल 51 मेडल जीते थे। इनमें 15 गोल्ड, 16 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज थे। साल 2023 में आयोजित एशियन गेम्स में भारत ने पहली बार कुल मेडल के मामले में शतक लगाया। पिछली बार भारत की झोली में 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज के साथ कुल 107 मेडल आए थे। भारत ने साल 1951 के बाद 6 बार कुल पदकों के मामले में 50 का आंकड़ा छुआ है। भारत को साल 1982 में 57 मेडल, साल 2006 में 53 मेडल, साल 2010 में 65 मेडल, साल 2014 में 57 मेडल, साल 2018 में 70 मेडल और साल 2023 में 107 मेडल हासिल हुए थे। भारत ने एशियन गेम्स के इतिहास में अब तक कुल 779 मेडल जीते हैं, जिसमें सर्वाधिक मेडल एथलेटिक्स से आए, जिसमें देश के नाम 85 गोल्ड, 102 सिल्वर और 96 ब्रॉन्ज मेडल हैं। शूटिंग में भारत ने अब तक 16 गोल्ड, 30 सिल्वर और 34 ब्रॉन्ज के साथ कुल 80 मेडल हासिल किए हैं। वहीं, कुश्ती में भारत ने कुल 65 मेडल (11 गोल्ड, 15 सिल्वर और 39 ब्रॉन्ज) जीते हैं।

# सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट गंवाया, इंटरनेशनल करियर पर मंडराया संकट, फिर ईशान किशन ने लिखी यादगार वापसी की पटकथा



नई दिल्ली। साल 2023 में ईशान किशन के इंटरनेशनल करियर का ग्राफ तेजी से ऊपर बढ़ रहा था। वनडे में दोहरा शतक और टी20 में लगातार दमदार प्रदर्शन के बूते ईशान ने भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ वह अपना टेस्ट डेब्यू भी कर चुके थे। हालांकि, फिर अचानक ईशान ने निजी कारणों का हवाला देते हुए साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया। बीसीसीआई ने इंटरनेशनल क्रिकेटर्स के लिए इसी दौरान घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर जोर दिया, लेकिन ईशान घरेलू खेलने मैदान पर नहीं उतरे। ईशान का यह रवैया बीसीसीआई और सिलेक्टर्स को पसंद नहीं आया और बुलंदियों की तरह तेजी से बढ़ रहा ईशान का करियर अचानक ढलान की ओर जाने लगा। ईशान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया। इसके बाद हर फॉर्मेट की टीम से उनकी छुट्टी हो गई। सिलेक्टर्स ने ईशान का रिप्लेसमेंट खोजना शुरू कर दिया और हर किसी को लगा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज शायद ही अब भारतीय टीम में वापस लौट पाएगा। सिलेक्शन के लिए होने वाली मीटिंग में ईशान के नाम पर चर्चा तक होने बंद हो गई। हालांकि, इन मुश्किल हालातों में भी ईशान ने हार नहीं मानी। वह पूरी तरह से तरो-ताजा होने के बाद घरेलू क्रिकेट में लौटे। हालात आगे चुनौतीपूर्ण थे और रास्ता बेहद मुश्किल, लेकिन ईशान ने लड़ने की ठानी। घरेलू क्रिकेट में ईशान का बल्ला चला और उन्हें सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के लिए झारखंड की कप्तानी सौंपी गई। ईशान जानते थे कि हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचने का यही सुनहरा मौका है। सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में ईशान का प्रदर्शन गजब का रहा। टूर्नामेंट में खेले 10 मैचों में ईशान ने 57 की औसत और 197 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 517 रन बनाए। बल्ले से चमक बिखेरने के साथ-साथ ही ईशान की कप्तानी भी उम्दा रही और वह झारखंड को खिताब दिलाने में सफल रहे। घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन ने उनके लिए भारतीय टीम के दरवाजे एक बार फिर खोले। ईशान भारतीय टी20 टीम में लौटे और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उन्होंने शतक और एक अर्धशतक लगाते हुए फिर से अपनी काबिलियत को साबित कर दिया। इसके बाद वनडे में भी वह अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाने में सफल रहे। टी20 विश्व कप 2026 में भी ईशान का बल्ला खूब गरजा और वह भारत की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 9 मुकाबलों में 193 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। भारत टीम में जगह पक्की करने के बावजूद ईशान घरेलू क्रिकेट की एहमियत को समझ चुके थे। यही वजह थी कि वह दलीप ट्रॉफी में खेलने उतरे। ईशान को ईस्ट जोन की कप्तानी सौंपी गई और वह उम्मीदों पर एकदम खरे उतरे। ईशान की अगुवाई में ईस्ट जोन ने फाइनल में साउथ जोन को पहली पारी में ली गई बढ़त के आधार पर हराते हुए 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में ईशान ने पहली पारी में 270 रनों की ऐसी पारी खेली, जो इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज हो गई। खिताबी मुकाबले में उन्होंने कुल मिलाकर 350 रन बनाए। बल्लेबाजी के साथ-साथ ईशान बतौर कप्तान भी अपनी काबिलियत दिखा रहे हैं।

## डब्ल्यूबीबीएल सीजन 12: एडिलेड स्ट्राइकर्स में लौटीं सोफी एक्लेस्टोन



एडिलेड। इंग्लैंड की स्टार खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) सीजन 12 के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स में वापसी करेंगी। 27 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर ने पिछले सीजन में स्ट्राइकर्स के लिए डेब्यू किया था और वह एक बार फिर टीम की बॉलिंग लाइन-अप में अनुभव और गुणवत्ता जोड़ेंगी। विमेंस बिग बैश लीग का आगामी सीजन 29 अक्टूबर से 5 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। पहले मैच में मेलबर्न रेनेगेड्स और सिडनी सिक्सर्स की टीमें आमने-सामने होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स 31 अक्टूबर को कैरन रोल्टन ओवल में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। एक्लेस्टोन ने एडिलेड स्ट्राइकर्स में वापसी पर खुशी जताते हुए कहा, "मैं टीम के साथ दोबारा जुड़ने और पिछले सीजन में हासिल की गई कामयाबियों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हम अगला कदम उठाने और फाइनल में जगह बनाने की कोशिश के लिए खुद को मजबूत स्थिति में लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।" स्ट्राइकर्स के कोच ल्यूक विलियम्स ने कहा कि एक्लेस्टोन की वापसी से टीम को बहुत मजबूती मिलेगी। विलियम्स ने कहा, "सोफी एक वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी हैं। उनका हुनर, अनुभव और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत उन्हें हमारी टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी बनाती है। सोफी जैसी काबिल खिलाड़ी के आने से हमारी बॉलिंग मजबूत होगी और टीम को बेहतरीन नेतृत्व भी मिलेगा।" एक्लेस्टोन को महिला क्रिकेट की बेहतरीन गेंदबाजों में से एक माना जाता है और वह आईसीसी महिला टी20 और वनडे, दोनों फॉर्मेट में 'नंबर 1' गेंदबाज रह चुकी हैं। एक्लेस्टोन ने विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2022 में इंग्लैंड के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाते हुए 3.83 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लिए थे, जिसमें साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 36/6 का करियर-बेस्ट भी शामिल था। साल 2023 में, एक्लेस्टोन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच में 10 विकेट लिए।

## साउथ जोन के कप्तान तिलक ने गेंदबाजों को ठहराया हार के लिए जिम्मेदार



साउथ जोन का दलीप ट्रॉफी के खिताब को जीतने का सपना साकार नहीं हो सका। ईस्ट जोन ने पहली पारी के आधार पर ली 372 रनों की विशाल बढ़त के बूते खिताब को अपने नाम किया। साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा ने हार के लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। फाइनल मुकाबला के बाद तिलक ने कहा, "सच कहूं तो यह हमारे लिए निराशाजनक है, लेकिन इस गेम से हमने बहुत कुछ सीखा है। उम्मीद है कि हम और मजबूत होकर वापसी करेंगे। पहले दिन हम बेहतर कर सकते थे, लेकिन जब उन्होंने 700 रन बना लिए तो उन्होंने गेम पर अपनी पकड़ बना ली। हर कोई जानता है कि 700 रनों का पीछा करना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन फिर भी, उनके बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाता है। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की।" तिलक ने आगे कहा, "हालांकि, कुछ ऐसे मौके थे जिनका हम फायदा उठा सकते थे, पर सच कहूं तो हमारी गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं रही। हम बस अगले तीन दिनों तक बल्लेबाजी करने के बारे में सोच रहे थे। हमने अपनी पूरी कोशिश की। अगर हम तीन दिन तक खेलते, तो कौन जाने, हम 700 रन बना सकते थे; वरना मैच ड्रॉ हो जाता। मगर हमने अपनी पूरी कोशिश की, और फिर भी श्रेय उन्हें ही जाता है।"

## अगस्त महीने के आईसीसी 'मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए दिनुशा



नई दिल्ली। श्रीलंका के बल्लेबाज सोनल दिनुशा, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन और बांग्लादेश के बॉलर हसन महमूद को गुरुवार को अगस्त 2026 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। तीनों नॉमिनी ने महीने के दौरान टेस्ट क्रिकेट में अलग-अलग स्थितियों में अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के बल्लेबाज दिनुशा, श्रीलंका की भारत के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के दौरान शानदार फॉर्म में रहे। इस युवा खिलाड़ी ने गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले टेस्ट में शानदार शतक के साथ अच्छी शुरुआत की और फिर दूसरी पारी में संघर्षपूर्ण 84 रन बनाए। सोनल का प्रदर्शन कोलंबो के एसएससी ग्राउंड में हुए दूसरे टेस्ट में और भी शानदार रहा। उन्होंने पहली पारी में 103 रन बनाए, जबकि दूसरी इनिंग में 133 रनों की नाबाद पारी खेली। सोनल की नाबाद पारी के चलते श्रीलंका दूसरे टेस्ट को ड्रॉ कराने में सफल रहा था। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। उन्होंने 2 टेस्ट मैचों में 140 की औसत से 420 रन बनाए। दूसरी ओर, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रॉबिन्सन पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में अपनी टीम की शानदार शुरुआत के मुख्य सूत्रधार साबित हुए। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में 8-80 के आंकड़े के साथ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने लॉर्ड्स में दूसरे मैच में 8-35 का शानदार स्पेल डाला, जिससे इंग्लैंड ने दोनों मैचों में आसानी से जीत हासिल की और सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई। रॉबिन्सन ने अगस्त 2026 का समापन 7.18 के बेहतरीन औसत से 16 विकेट लेकर किया। वहीं, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अपने देश की ऐतिहासिक टेस्ट जीत के नायक रहे। बांग्लादेशी गेंदबाज ने डार्विन टेस्ट में जीत के दौरान मैच-विनिंग प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में 6-55 और दूसरी पारी में 3-56 विकेट लेकर बांग्लादेश को एक यादगार जीत दिलाई। सीरीज के दौरान हसन महमूद ने 19.77 की औसत से 9 विकेट चटकाए।

## फाइनल में पहुंचने के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर का आया बड़ा बयान

दुबई में खेले जा रहे महिला टी20 एशिया कप 2026 का पहला सेमीफाइनल 10 सितंबर को भारत और बांग्लादेश की महिला टीम के बीच में खेला गया, जिसमें पूरी तरह से टीम इंडिया का दबदबा देखने को मिला। इस मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने 20 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रनों का स्कोर बनाया जिसमें शेफाली वर्मा के बल्ले से 64 रनों की शानदार पारी देखने को मिली तो वहीं इसके जवाब में बांग्लादेश महिला टीम 20 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 109 रनों का स्कोर ही बनाने में कामयाब हो सकी और उसका सफर टूर्नामेंट में भी इसी के साथ खत्म हो गया। टीम इंडिया की इस एकतरफा जीत को लेकर कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी मुकाबले के बाद अपने बयान में खुशी जाहिर की जिसमें उन्होंने कहा कि चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वह काफी खुश हैं! महिला टी20 एशिया कप का यह छठा संस्करण खेला जा रहा है, जिसमें भारतीय टीम छठी बार फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही है। आज दूसरी पिच पर मैच खेला गया जिसमें अच्छी गेंदों का फायदा मिल रहा था, अगर आप गेंद को स्पिन करा रहे थे तो उस गेंद का असर दिख रहा था।

## एशियन गेम्स: स्क्वैश के लिए ड्रॉ जारी, डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय पुरुष टीम टॉप सीड



20वें एशियन गेम्स का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच जापान के आइची-नागोया में होगा, जिसके लिए स्क्वैश में सिंगल्स, मिक्स्ड डबल्स और टीम स्क्वैश इवेंट्स के लिए ड्रॉ और सीडिंग की घोषणा कर दी गई है। इसमें भारतीय पुरुष टीम टॉप सीड है, जबकि महिला टीम को तीसरी सीडिंग मिली है। एशियन गेम्स 2026 में स्क्वैश इवेंट्स नागोया किंजो-फुटो एरिना में होंगे। सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स इवेंट्स 23 से 27 सितंबर तक और टीम इवेंट्स 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे। भारतीय पुरुष टीम में अभय सिंह, वीर चोटरानी, वेलवन सेंथिलकुमार और सूरज चंद शामिल हैं, जिन्हें कोरिया और चीन के साथ 'पूल-ए' में रखा गया है। वहीं, महिला टीम में अनाहत सिंह, तन्वी खन्ना, जोशना चिनप्पा और शमीना रियाज शामिल हैं, जिन्हें जापान, चीन और ईरान के साथ 'पूल-सी' में रखा गया है। मेंस सिंगल्स में, भारत के अभय सिंह दूसरी सीड हैं, और वीर चोटरानी चौथी सीड हैं। दोनों भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती राउंड में 'बाय' (सीधे अगले राउंड में प्रवेश) मिला है। दूसरी तरफ, विमेंस सिंगल्स में अनाहत सिंह और तन्वी खन्ना को क्रमशः तीसरी और सातवीं सीडिंग मिली है। अनाहत को पहले राउंड में 'बाय' मिला है, जबकि तन्वी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया की दामी किम के खिलाफ करेंगी। सिंगल्स प्रतियोगिता एलए28 ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालिफिकेशन इवेंट भी होगी, जिसके विजेता लॉस एंजिल्स में ओलंपिक में इस खेल की शुरुआत से पहले स्क्वैश के पहले ओलंपिक खिलाड़ी बनेंगे। मिक्स्ड डबल्स इवेंट में, मलेशियाई जोड़ी आइफा अजमान और मोहम्मद शफीक कमाल टॉप सीड हैं, जबकि भारत के वेलवन सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा तीसरी सीड हैं। एक और भारतीय जोड़ी, सूरज कुमार चंद और शमीना रियाज, नौवीं सीड हैं। दोनों भारतीय जोड़ियों को शुरुआती राउंड में 'बाय' मिला है और वे एक-दूसरे के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। भारत ने एशिया गेम्स 2023 में स्क्वैश में 5 मेडल जीते थे, जिनमें 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे। एशियन गेम्स के इतिहास में अब तक भारत इस खेल में कुल 18 मेडल (3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज) अपने नाम कर चुका है।

# रात में सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीने की क्यों दी जाती है सलाह? डॉक्टर ने बताया



भारतीय घरों में घर के बड़े बुजुर्ग अक्सर रात को सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीने की सलाह देते हैं। आयुर्वेद में भी हल्दी वाले दूध को सेहत के लिए फायदेमंद माना गया है। लेकिन, इसे रात में पीने की सलाह ही क्यों दी जाती है, क्या आपने इस बारे में सोचा है? फेमस गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर शुभम वत्स बता रहे हैं कि सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीना क्यों फायदेमंद माना जाता है और इसे पीने का सही तरीका क्या है। डॉक्टर शुभम वत्स कहते हैं कि हल्दी और दूध का कॉम्बिनेशन बेहतर नींद के लिए मददगार हो सकता है। दरअसल, कई बार ज्यादा तनाव लेने की वजह से नींद आने की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में यह हल्दी वाला दूध पीने से आपकी नींद की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। हल्दी का करक्यूमिन और दूध का अमीनों एसिड एक साथ मिलकर नींद की क्वालिटी को बढ़ाते हैं। डॉक्टर कहते हैं कि जब आप गर्म गर्म हल्दी वाल दूध पीते हैं तो इससे मौजूद ट्रिप्टोफैन (tryptophan) दिमाग में घुसकर मेलाटोनिन और सेरोटोनिन को बनाने में मदद करता हैं। बता दें, मेलाटोनिन शरीर के स्लीप-वेक साइकल को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाता है। इस वजह से नर्वस सिस्टेम शांत होता है और नींद अच्छी आती है। हल्दी वाल दूध पीने से आपका तनाव कम हो सकता है और दिमाग को शांति मिलती है। दरअसल, हल्दी में मौजूद करक्यूमिन ब्रेन में मौजूद ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करने में मदद करता है। इस वजह से एंजायटी का लेवल कम होता है और आपके दिमाग को आराम मिलता है और नींद भी अच्छी आती है। रात में सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीने से लिवर डिटॉक्सीफाई होता है। साथ ही दूध और हल्दी का यह कॉम्बिनेशन आपकी पाचन क्षमता को बेहतर करता है। हल्दी वाले दूध में मौजूद एंटी इंफ्लामेटरी प्रॉपर्टीज हड्डियों की स्टिफनेस को दूर करता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। गठिया या बढ़ती उम्र में होने वाली हड्डियों की बीमारी को भी कंट्रोल किया जा सकता है। हालांकि हल्दी वाला दूध पारंपरिक रूप से सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है, लेकिन इसे किसी बीमारी का इलाज समझना सही नहीं है। इसके फायदे व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य और खान-पान पर भी निर्भर कर सकते हैं।

# सर्दी-जुकाम जैसा दिखने वाला आरएसवी वायरस बच्चों के लिए खतरनाक

सर्दी-जुकाम जैसा दिखने वाला आरएसवी (रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस) सिर्फ एक सामान्य मौसमी वायरस नहीं है। यह दुनियाभर में छोटे बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन सकता है। हर साल आरएसवी की वजह से 36 लाख से ज्यादा बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और करीब 1 लाख छोटे बच्चों की जान चली जाती है। इसलिए इसके बारे में सही जानकारी होना और समय पर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आरएसवी एक बहुत संक्रामक वायरस है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। संक्रमित सतह को छूने और फिर आंख, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण हो सकता है। यही वजह है कि घर, स्कूल, डे-केयर और भीड़भाड़ वाली जगहों पर छोटे बच्चों को इससे बचाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि आरएसवी किसी भी उम्र के व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है, लेकिन छोटे बच्चों, खासकर छह महीने से कम उम्र के शिशुओं में इसका असर ज्यादा गंभीर हो सकता है। समय से पहले जन्मे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले बच्चों में भी गंभीर बीमारी का खतरा अधिक हो सकता है। कई बार शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे ही दिखाई देते हैं, इसलिए माता-पिता के लिए इन्हें पहचानना जरूरी है। बच्चे को नाक बहना, खांसी, छींक या हल्का बुखार हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहा है। ठीक से दूध या खाना नहीं ले पा रहा है। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

# कहीं आप भी तो गलत तरीके से नहीं खा रहे हैं Seeds? एक्सपर्ट ने बताया क्या है सही तरीका



आजकल लोग अपनी डाइट में चिया सीड्स, कद्दू के बीज, सूरजमुखी के बीज जैसे कई सीड्स का खूब सेवन करने लगे हैं। इन्हें खाने से हमारी सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं। लेकिन क्या आप वाकई इन्हें खाने का सही तरीका जानते हैं? कई बार गलत तरीके से इसका सेवन करने पर फायदे की जगह नुकसान हो सकता है।

चिया सीड्सः श्वेता शाह, कहती हैं कई लोग ऐसे हैं जो चिया सीड्स को हल्का भूनकर उसका पाउडर बना लेते हैं और फिर सेवन करते हैं। चिया सीड्स को खाने का यह बहुत ही गलत तरीका है। चिया सीड्स का सेवन हमेशा भिगोकर ही करना चाहिए। सूखा खाने से आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

अलसी के बीजः अलसी के बीज का सेवन कई लोग कच्चा ही कर लेते हैं इन्हें खाने का यह बहुत ही गलत तरीका है। श्वेता शाह के मुताबिक, अलसी के बीज को पहले रोस्ट करें और फिर उसका पाउडर बनाकर ही इसका सेवन करें।

कद्दू और सूरजमुखी के बीजः कद्दू और सूरजमुखी के बीज को भी खाने से पहले हल्का भून लें। कई बार लोग इनका सेवन बिना भुने करते हैं जिससे पेट में ब्लोटिंग की समस्या बढ़ सकती है। इन बीजों को भुनने के बाद इनका क्रश पाउडर बनाएं, उसके बाद ही इनका सेवन करें। इस बात का ध्यान रखें कि इन बीजों को बहुत ज्यादा नहीं भूनना है वरना इनके एसेंशियल ऑयल निकल जाएंगे।

काला तिलः श्वेता शाह, कहती हैं काला तिल का सेवन डायरेक्ट नहीं करना चाहिए। आप इसे पहले भून लें, भूनने से तिल पचने में आसान होता है। अब, इसका पाउडर बनाएं और फिर इसमें आंवला का पाउडर मिक्स करें और फिर सेवन करें। इससे यह बेहर तरीके से अब्जॉर्ब होगा।

सीड्स खाने से सेहत को कई बेहतरीन फायदे मिल सकते हैं। अलसी के बीज हेल्दी फैट से भरपूर होते हैं जो आपकी हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है। वहीं, चिया सीड्स फाइबर से भरपूर होता है जो वजन कंट्रोल करने में मददगार है। काला तिल का बीज और कद्दू के बीज स्किन और बालों के लिए फायदेमंद है। हालांकि सीड्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन इन्हें सही मात्रा में खाना भी उतना ही जरूरी है। चिया, अलसी, कद्दू और सूरजमुखी के बीजों में फाइबर और फैट की मात्रा अच्छी होती है।

# इन लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है चिया सीड्स, जान लें और हो जाएं सावधान



चिया सीड्स को अक्सर पोषक तत्वों का खजाना माना जाता है। इसका सेवन वजन घटाने, पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए 'सुपरफूड' के रूप में किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका सेवन कुछ लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। फेमस गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर शुभम वत्स का कहना है कि हर सुपरफूड हर किसी के शरीर के अनुकूल नहीं होता। डॉ. शुभम वत्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर बताया है कि किन लोगों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। चलिए जानते हैं। चिया सीड्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड और पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो नेचुरली ब्लड प्रेशर को कम करने का काम करते हैं। अगर आपको पहले से ही लो बीपी की शिकायत है, तो चिया सीड्स आपके ब्लड प्रेशर को और गिरा सकते हैं। इससे कमजोरी, चक्कर आना, सुस्ती और बेहोशी महसूस होने की समस्या हो सकती है। खासकर जिन महिलाओंको लो बीपी है वो इसका सेवन करने से बचें। चिया सीड्स में घुलनशील फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है। जिन लोगों को अक्सर पेट में गैस, ब्लोटिंग, ऐंठन या इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम जैसी आंत से जुड़ी बीमारियां होती हैं, उनके लिए यह ज्यादा फाइबर पाचन तंत्र पर ज्यादा दबाव डालता है। इससे पेट दर्द और एसिडिटी की समस्या और बढ़ सकती है। यदि आप एस्पिरिन जैसी खून पतला करने वाली दवाइयों का सेवन कर रहे हैं, तो चिया सीड्स से परहेज करें। चिया सीड्स में मौजूद ओमेगा-3 खून को पतला करता है। दवा और चिया सीड्स का एक साथ सेवन करने से चोट लगने पर ज्यादा ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। किडनी के मरीजों के लिए चिया सीड्स सुरक्षित नहीं माने जाते। इनमें पोटैशियम, फास्फोरस और ऑक्सालेट की अधिक मात्रा होती है। कमजोर किडनी इन तत्वों को आसानी से फिल्टर नहीं कर पाती, जिससे किडनी पर दबाव बढ़ता है और किडनी स्टोन की आशंका भी बढ़ जाती है। चिया सीड्स अपने वजन से 10 से 12 गुना अधिक पानी सोखने की क्षमता रखते हैं। अगर आप इन्हें सूखे रूप में खाते हैं या इनके सेवन के बाद पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं, तो ये आंतों या भोजन नली में फूलकर रुकावट पैदा कर सकते हैं।

# बाईं करवट सोने से क्या फायदा होता है, खाना खाते ही सोने वालों के लिए क्यों है जरूरी

रात में सोते वक्त आप न जाने कितनी पॉजिशन बदलते हैं। कभी दाईं करवट सोते हैं तो कभी बाईं और कई बार उल्टे सीधे तरीके से भी सो जाते हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट बाईं करवट सोने की सलाह देते हैं। इससे एसिड रिफ्लक्स जैसे लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है। हालांकि सोने से पहले आप क्या खाते हैं इससे भी नींद और एसिड पर असर पड़ सकता है। एनेस्थेसियोलॉजिस्ट और इंटरवेंशनल पेन मेडिसिन फिजिशियन डॉक्टर कुणाल सूद ने इंस्टाग्राम पर नींद से जुड़े पांच महत्वपूर्ण तथ्यों और उसकी क्वालिटी को प्रभावित करने वाले बिंदुओं पर ध्यान दिया है। डॉक्टर कुणाल सूद के मुताबिक नींद और आपकी रोज की आदतों के बीच संबंध हो सकता है, जिनमें देर रात खाना, पेट की परेशानी, कुछ खान-पान और दूसरे कारक भी इसमें शामिल हो सकते हैं। एसिड रिफ्लक्स तब होता है जब पेट का एसिड वापस खाने की नली और गले में आ जाता है, अक्सर ऐसा खाना नली के निचले हिस्से में मौजूद वाल्व के लूज होने या कमजोर होने के कारण होता है। हालांकि डाइट और जीवनशैली को आमतौर पर रिफ्लक्स से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन सोने की पॉजिशन आपके शरीर में एसिड रिफ्लक्स को कम करने में मदद कर सकती है। डॉक्टर सूद के मुताबिक बाईं ओर करवट लेकर सोने से पेट और अन्नप्रणाली के बीच के जोड़, जिसे लोअर ओसोफेजियल स्फिंक्टर (एलईएस) के नाम से जाना जाता है, उसे पेट के एसिड के लेवल से ऊपर रखने में मदद मिल सकती है। इससे एसिड को वापस फूड पाइप में जाने से रोकने में मदद मिल सकती है।

## कमर दर्द और गर्दन की अकड़न से हैं परेशान; रोज करें ये योगासन

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में दफ्तर में घंटों तक कंप्यूटर के सामने बैठे रहना और गलत पोस्चर में काम करने से थकान और शारीरिक गतिविधियों की कमी से कम उम्र में ही कमर दर्द, गर्दन में अकड़न और स्पाइन से जुड़ी समस्याएं आम होती जा रही हैं। ऐसे में योग रीढ़ को स्वस्थ और लचीला बनाए रखने का सबसे आसान और प्राकृतिक तरीका है। योग के नियमित अभ्यास से न सिर्फ रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है बल्कि शरीर का पोस्चर भी सुधरता है और दर्द से राहत मिलती है। हम आपको ऐसे कुछ आसनों के बारे में बताएंगे, जो स्वस्थ रीढ़ के लिए प्रभावकारी हैं। ताड़ासन - यह योग की सामान्य मुद्राओं में से एक माना जाता है, जो पूरे शरीर को हल्का खिंचाव देकर (पोस्चर) को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत और सीधा रखता है, कंधों और गर्दन की जकड़न कम करता है, शरीर के संतुलन और स्थिरता को बढ़ाता है। ऊर्ध्व हस्तोत्तानासन - यह एक खड़े होकर किया जाने वाला योगासन है, जो रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ, लचीला और मजबूत बनाने में मदद करता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि रोजाना कुछ मिनट मार्जरी आसन को करने से दर्द से निजात पाया जा सकता है।

# सर्वांगासन-हलासन के बाद क्यों जरूरी है मत्स्यासन, जानिए काउंटर पोज का महत्व

योग में हर आसन का अपना महत्व होता है, लेकिन इसका लाभ तभी मिलता है जब आसन को सही क्रम और संतुलन के साथ किया जाए। सर्वांगासन और हलासन योग के महत्वपूर्ण आसनों में गिना जाता है, लेकिन इन दोनों आसनों को करने के बाद शरीर में दबाव पड़ता है। इसी को ठीक करने के लिए मत्सासन को करना आवश्यक काउंटर-पोज यानी विपरीत आसन माना गया है। हम आपको बताएंगे कि सर्वांगासन और हलासन के तुरंत बाद मत्स्यासन काउंटर-पोज (विपरीत आसन) करना आवश्यक क्यों होता है। आयुष मंत्रालय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के दिशानिर्देशों के अनुसार, सर्वांगासन और हलासन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए बाद में मत्स्यासन करना बेहद जरूरी और अनिवार्य माना गया है। जब कोई भी साधक सर्वांगासन और हलासन का अभ्यास करता है, तो शारीरिक बदलाव आते हैं, जिन्हें सामान्य स्थिति में लाने के लिए मत्स्यासन एक पूरक आसन के रूप में काम करता है। सर्वांगासन और हलासन दोनों ही 'इनवर्जन' (उल्टे होने वाले) आसन हैं, जिनमें छाती आगे की तरफ झुकती है और ठुड्डी पूरी तरह से छाती से चिपक जाती है। मत्स्यायन में जब सिर के ऊपरी हिस्से को जमीन पर टिकाकर रीढ़ और गर्दन को पीछे मोड़ा जाता है, तो यह जालंधर बंध के दबाव को तुरंत संतुलित कर देता है। योग विशेषज्ञों के अनुसार, हलासन और सर्वांगासन के दौरान रीढ़ की हड्डी और गर्दन की पीछे की मांसपेशियों पर गहरा और तीव्र खिंचाव आता है। इससे गर्दन और पीठ के ऊपरी हिस्से की मांसपेशियां अत्यधिक तनी हुई स्थिति में आ जाती हैं।

## BRICS सम्मेलन से भारत की अर्थव्यवस्था को क्या फायदा होगा? एक्सपर्ट से जानिए

नई दिल्ली में आयोजित हो रहा 18वां ब्रिक्स सम्मेलन (BRICS Summit) भारत के आर्थिक भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है। वैश्विक मंदी और अनिश्चितता के इस दौर में ब्रिक्स देशों का यह जमावड़ा भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई रफ्तार दे सकता है। इस महासम्मेलन से भारत को मिलने वाले आर्थिक फायदों पर आर्थिक मामलों के इकोनॉमिस्ट सुनील शाह और पंकज जैसवाल ने अपनी विस्तृत राय रखी है। ब्रिक्स का विस्तार भारत के लिए निर्यात के नए दरवाजे खोल रहा है। रूस, चीन, यूएई, सऊदी अरब और अफ्रीकी देशों में भारतीय सामान और सेवाओं का निर्यात बढ़ाने का यह बेहतरीन मौका है। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के मामले में ब्रिक्स से सीधी राहत की उम्मीद नहीं है, लेकिन अन्य देशों में एक्सपोर्ट बढ़ाकर भारत अमेरिकी बाजार पर अपनी निर्भरता को काफी हद तक कम कर सकता है। ग्लोबल ट्रेड में डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए लोकल करेंसी (स्थानीय मुद्रा) में व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है। रूस के साथ स्थानीय मुद्रा में व्यापार बढ़ने से पेमेंट की जटिलताएं दूर होंगी और क्रूड ऑयल जैसे जरूरी सामानों के आयात में मदद मिलेगी।

## म्यूचुअल फंड में निवेश का बढ़ा क्रेज, अगस्त में इक्विटी फंड्स में आए ₹29329 करोड़




म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए अगस्त का महीना काफी मजबूत रहा। जुलाई में गिरावट के बाद अगस्त में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश एक बार फिर बढ़ गया। खास बात यह रही कि SIP के जरिए हर महीने होने वाला निवेश भी नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। AMFI के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में इक्विटी ओरिएंटेड स्कीम्स में कुल 29,328.62 करोड़ का नेट इनफ्लो हुआ। अगस्त में इक्विटी फंड्स में आया 29,328.62 करोड़ का निवेश जुलाई के 24,697.39 करोड़ से करीब 19 फीसदी ज्यादा है। इससे पहले जुलाई में इक्विटी फंड्स में निवेश जून के मुकाबले करीब 15 फीसदी घट गया था। जून में इन स्कीम्स में 28,973 करोड़ का नेट इनफ्लो हुआ था। अगस्त के आंकड़े बताते हैं कि निवेशकों की इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में दिलचस्पी फिर बढ़ी है। SIP निवेश के मामले में भी अगस्त ने नया रिकॉर्ड बनाया। महीने में SIP के जरिए 32,297 करोड़ का निवेश हुआ। जुलाई में यह आंकड़ा 31,961 करोड़ था। यानी एक महीने में SIP योगदान करीब 336 करोड़ या 1.1 फीसदी बढ़ा। जून में SIP योगदान 31,781 करोड़ था। अगस्त में स्मॉल-कैप फंड्स निवेशकों की पहली पसंद बने। इनमें 7,973.33 करोड़ का निवेश आया।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट पर विदेशी उड़ानों को मिलेगा बड़ा फायदा, पूरे 1 साल तक लैंडिंग चार्ज फ्री

मुंबई में एयर ट्रैफिक का दबाव कम करने और नवी मुंबई को इंटरनेशनल एयर कनेक्टिविटी का बड़ा हब बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विदेशी उड़ानें शुरू करने वाली एयरलाइंस को अब शुरुआती वर्षों में लैंडिंग चार्ज पर बड़ी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट टैरिफ रेगुलेटर AERA ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए लैंडिंग चार्ज में छूट को मंजूरी दी है। AERA के फैसले के मुताबिक, नवी मुंबई एयरपोर्ट से शुरू होने वाली नई शॉर्ट-हॉल और लॉन्ग-हॉल इंटरनेशनल उड़ानों के लिए पहले साल लैंडिंग चार्ज पूरी तरह माफ रहेगा। यानी इन रूट्स पर एयरलाइंस को विमान उतारने के लिए लैंडिंग फीस नहीं देनी होगी। शॉर्ट-हॉल में 5,000 किलोमीटर तक की दूरी वाले रूट शामिल हैं, जबकि 5,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी वाले रूट लॉन्ग-हॉल माने जाएंगे। दूसरे साल लैंडिंग चार्ज में 50 फीसदी की छूट मिलेगी। वहीं, लॉन्ग-हॉल इंटरनेशनल सेवाओं को तीसरे साल 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। सिर्फ नई इंटरनेशनल सेवाओं को ही फायदा नहीं मिलेगा, बल्कि मौजूदा इंटरनेशनल रूट पर एक्स्ट्रा फ्लाइट्स शुरू करने वाली एयरलाइंस को भी राहत दी जाएगी। पहले साल एक्स्ट्रा शॉर्ट-हॉल उड़ानों पर लैंडिंग चार्ज में 50 फीसदी और लॉन्ग-हॉल उड़ानों पर 75 फीसदी की छूट मिलेगी। इंटरनेशनल कार्गो यानी फ्रेटर सेवाओं के लिए भी बड़ी राहत है। पहले साल विदेशी फ्रेटर विमानों के लैंडिंग चार्ज में 90 फीसदी की छूट और दूसरे साल 50 फीसदी की छूट मिलेगी। इस फैसले का सबसे बड़ा बदलाव रूट की पात्रता को लेकर है। पहले छूट का नियम पूरे मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन यानी MMR में नए रूट के आधार पर लागू होता था। इसका मतलब था कि जो इंटरनेशनल रूट पहले से मुंबई एयरपोर्ट से चल रहा है, उसे नवी मुंबई एयरपोर्ट पर छूट नहीं मिलती थी। अब नियम बदल गया है। नवी मुंबई एयरपोर्ट से शुरू होने वाला कोई भी इंटरनेशनल रूट लैंडिंग चार्ज में छूट के लिए पात्र होगा, भले ही वही रूट मुंबई एयरपोर्ट से पहले से संचालित हो रहा हो। AERA ने 8 सितंबर के अपने आदेश में एयरपोर्ट के वेरिएबल ट्रैफिक प्लान में बदलाव को मंजूरी दी है। इसका मकसद एयरलाइंस को नवी मुंबई से नई इंटरनेशनल सेवाएं शुरू करने और उन्हें लंबे समय तक जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। आपको बता दें कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 8 अक्टूबर 2025 को हुआ था और यहां से कमर्शियल ऑपरेशन 25 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ। इंटरनेशनल उड़ानों की शुरुआत 15 जुलाई को अबू धाबी जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से हुई थी। अब लैंडिंग चार्ज में इस बड़ी राहत से एयरपोर्ट पर आने वाले विदेशी रूट्स की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।



थिंक राजस्थान

# BRICS समिट में शामिल होने के लिए भारत पहुंचे पुतिन, सुखोई से लेकर क्रूड ऑयल पर हो सकती है डील

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली पहुंच चुके हैं। पुतिन का प्लेन आज तड़के करीब तीन बजे पालम एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचा। पुतिन ब्रिक्स समिट के लिए भारत आए हैं। उससे पहले आज 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच अहम मुलाकात और बातचीत होने वाली है। आज पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच बैठक में भारत और रूस के बीच रणनीतिक, डिफेंस और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा दोनों नेता आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, स्पेस कॉपरेशन, ड्रग तस्करी पर रोक और इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर पर भी बात करेंगे। ये माना जा रहा है कि इस बातचीत का फोकस तीन प्वाइंट पर रहेगा।

डिफेंस- पीएम मोदी और पुतिन की बातचीत के दौरान डिफेंस को लेकर अहम चर्चा हो सकती है। इसमें सुखोई 57 की डील शामिल है। फिफ्थ जेनेरेशन के 75 फाइटर जेट्स की डील पर भी ठोस बातचीत हो सकती है। इसके अलावा S-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी और न्यूक्लियर सबमरीन से जुड़े डिफेंस कॉपरेशन की भी समीक्षा की जा सकती है।

क्रूड ऑयल- इस बातचीत का दूसरा प्वाइंट क्रूड ऑयल रहेगा। भारत साफ-साफ कह चुका है कि वो अपनी जरूरत के हिसाब से फैसला करेगा कि उसे कहां से कितना तेल खरीदना है। खासकर होर्मुज स्ट्रेट में जो हालत इस वक्त बनी हुई है। उसे देखते हुए भारत अपने लिए क्रूड ऑयल की सप्लाई सिक्योर करना चाहेगा। इसे लेकर रूस के साथ कोई लॉन्ग टर्म डील की बात कही जा रही है।

लोकल करेंसी में कारोबार- पीएम मोदी और पुतिन के बीच बातचीत का तीसरा मेजर प्वाइंट लोकल करेंसी में कारोबार पर रहेगा। क्रेमलिन की तरफ से कहा गया है कि दोनों देश डॉलर पर निर्भरता कम करते हुए अपनी अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं यानि रुपया और रूबल में



पेमेंट को बढ़ावा देने पर बड़ी चर्चा करेंगे। हालांकि ये बात कई बड़े देशों को खल सकती है।

X पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री (MoS) कीर्ति वर्धन सिंह ने दिल्ली एयरपोर्ट पर रूसी राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने भारत और रूस के बीच "कई तरह के और लंबे समय से चले आ रहे" द्विपक्षीय संबंधों पर भी जोर दिया। जायसवाल ने लिखा, "18वें ब्रिक्स समिट के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत है। एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। भारत और रूस के बीच 'खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' पर आधारित कई तरह के और लंबे समय से चले आ रहे संबंध हैं।" क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि पुतिन 11 सितंबर को सालाना ब्रिक्स बिजनेस फोरम के पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। यह एक ऐसा मंच है जो पारंपरिक रूप से नेताओं के समिट से पहले होता है और इसमें ब्रिक्स देशों के व्यापार प्रतिनिधि एक साथ आते हैं। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा से भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को और गति मिलने की उम्मीद है, जिसमें व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा में प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा।

## कर्नाटक में राज्य सरकार के कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' के सिर्फ़ दो पद गाए जाएंगे

बेंगलुरु। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि राजकीय कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' के सिर्फ दो पद गाए जाएं। हालांकि इस आदेश में इस बात का भी जिक्र है कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और उन कार्यक्रमों में जिनका प्रतिनिधित्व केंद्र सरकार करेगी, वहां पूरा वंदे मातरम के सभी 6 पद गाए जाएंगे। यह आदेश केंद्र सरकार के उस निर्देश के बीच आया है जिसमें 'वंदे मातरम' के सभी छह पद गाना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि अन्य आधिकारिक राज्य सरकारी कार्यक्रमों में केवल शुरुआती दो पद ही गाए जाएं।

दरअसल, जनवरी 2026 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगीत गाने के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय करते हुए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। नए नियमों के अनुसार, आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के सभी छह पद (छंद) बजाए या गाए जाने चाहिए। इस आदेश का कड़ा विरोध करते हुए कांग्रेस ने कहा था कि पार्टी कार्यक्रमों में केवल पहले दो पद ही गाए जाएंगे। हालांकि अब कांग्रेस शासित कर्नाटक में भी सीएम डीके शिवकुमार ने पार्टी लाइन फॉलो करते हुए ये आदेश जारी किए हैं।

## नकली पिस्टल-चाकू दिखाकर CA की किडनैपिंग की कोशिश

राजस्थान की राजधानी जयपुर में मर्सिडीज कार से एक युवक के अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सेंट्रल पार्क इलाके से दो युवकों ने नकली पिस्टल और चाकू दिखाकर युवक को कार में बैठाया। इसके बाद कार आमेर इलाके में दिल्ली रोड पर पहुंची, जहां एक बाइक को टक्कर लगने के बाद कार रुक गई। इसी दौरान दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। SHO आमेर राजेंद्र गोदारा भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मर्सिडीज कार की तलाशी ली तो उसमें से एक नकली पिस्टल और चाकू बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि जिस युवक के अपहरण की कोशिश की गई, वह CA है। कार में दो आरोपी मौजूद थे, जो घटना के बाद मौके से भाग निकले। किडनैपर के साथ पीड़ित खुद ही गाड़ी चलाकर जा रहा था। हड़बड़ाहट में आमेर में बाइक को टक्कर मार दी और गाड़ी रुक गई, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित मामले की शिकायत दर्ज कराने के लिए अशोक नगर थाने पहुंचा है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं यह घटना किसी तरह का मजाक या आपसी विवाद का हिस्सा तो नहीं थी। मर्सिडीज कार, बरामद नकली पिस्टल और चाकू को जांच का हिस्सा बनाया गया है। आरोपियों की तलाश के साथ पुलिस घटना के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है। इससे पहले जयपुर से एक खबर आई थी, जहां चोरी की बाइक बरामद करने की पुलिस कार्रवाई पर ही सवाल खड़े हो गए। मामला गुर्जर की थड़ी स्थित शांति नगर का है, जहां 2 सितंबर को वाहन चोरी के मामले में दो संदिग्धों को पकड़ने के बाद पुलिस टीम जांच और बरामदगी के लिए पहुंची थी। आरोप है कि पुलिसकर्मी कुछ युवकों के साथ रात में लोडिंग टेंपो लेकर राजेंद्र शर्मा के घर पहुंचे और घर के बाहर खड़ी उनकी बाइक उठाकर ले गए। बाद में इसी बाइक को झाड़ियों से बरामद दिखाने की बात सामने आई। मर्सिडीज कार से नकली पिस्टल और चाकू बरामद होने के बाद पुलिस ने इन्हें जांच के लिए सुरक्षित कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर युवक को कार में बैठाने के लिए इन सामानों का इस्तेमाल किया था या घटना के पीछे कोई अन्य वजह थी। पीड़ित के बयान के आधार पर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के दौरान कार के आमेर इलाके तक पहुंचने और बाइक से टक्कर होने की परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल सकती है, ताकि आरोपियों के भागने की दिशा और उनकी पहचान से जुड़े सुराग मिल सकें। दिल्ली रोड पर घटना के समय मौजूद लोगों से भी जानकारी जुटाई जा सकती है।

# "बंगाल नहीं, बलि प्रथा पर बात की थी", नॉनवेज विवाद पर धीरेंद्र शास्त्री ने दी सफाई



पश्चिम बंगाल में नॉनवेज विवाद को लेकर बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने जवाब दिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनकी बातों के अर्थ का अनर्थ निकाला गया। उन्होंने किसी के खान-पान पर कभी नहीं बोला। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम पश्चिम बंगाल से आ रहे हैं। आते ही हमारे वापस निकलते ही चर्चाएं वहां शुरू हो गई। बड़ी तेज चर्चाएं चल रही। बागेश्वर बाबा ने कहा कि हमने किसी के खान पान पर कभी नहीं बोला। किसी के पहनावे पर कभी नहीं बोला। हम जीव हिंसा के खिलाफ हैं। बाबा बागेश्वर ने कहा कि हमने दुर्गा पूजा की बात थी। हमने कहा था कि दुर्गा पूजा के पांडाल में मांस न खाएं। अगर किसी को खाना है तो अपने घर पर खाए। पूजा पांडाल की पवित्रता बनाए रखने के लिए हमने ऐसा कहा था। हमने धार्मिक गुरु होने के नाते अहिंसा पर बात की। सबको जीने का अधिकार है। मैं जीव हिंसा पर बोलूंगा। हमने बलि प्रथा पर वहां प्रहार किया। हम बंगाली को नहीं समझा रहे, हम खुद बंगाली हैं। अर्थ का अनर्थ निकाला गया। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम भारत के ही हैं। हम स्वामी विवेकानंद के ही शिष्य हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के ही शिष्य हैं। बामा चरण खेपा के ही शिष्य हैं। उनको मानने वाले हम आपके भोजन पर क्यों बोलेंगे भैया? आप सब तो हमारे आत्मीय हो। हम क्यों बोलेंगे? हां लेकिन जीव हिंसा पर तो बोलेंगे।

## सत्य निकेतन हादसे के बाद दिल्ली में MCD का बड़ा एक्शन, 41 जगहों पर चला बुलडोजर



नई दिल्ली। दिल्ली के सत्य निकेतन में हुए हादसे के बाद अवैध निर्माण, जर्जर इमारतों और बिल्डिंग नियमों के उल्लंघन के खिलाफ MCD का अभियान तेज हो गया है। नगर निगम की टीमें राजधानी के सभी 12 जोन में लगातार जांच और कार्रवाई कर रही हैं। अधिकारी घर-घर जाकर इमारतों की स्थिति देख रहे हैं और खामियां मिलने पर नोटिस, सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को 41 जगहों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई, जबकि 61 संपत्तियों को सील किया गया। इसके अलावा 32 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और ध्वस्तीकरण के 3 आदेश भी दिए गए। सत्य निकेतन हादसे के बाद नॉर्थ दिल्ली के गांधी विहार में भी जर्जर और झुकी हुई इमारतों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया गया है। MCD की जांच में गांधी विहार के एफ-ब्लॉक की 65 इमारतों को खतरनाक घोषित किया गया है। इलाके में कई मकान एक तरफ झुक चुके हैं। कई इमारतों के बीच सिर्फ 5 इंच से लेकर 2 फीट तक का गैप रह गया है। इससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से ऐसी खतरनाक इमारतों को खाली करने के निर्देश दिए हैं। MCD ने गुरुवार को ईस्ट, वेस्ट और सेंट्रल जोन में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ईस्ट जोन में खुरेजी खास, जगतपुरी और लक्ष्मी नगर समेत कई इलाकों में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई हुई। वेस्ट जोन में पश्चिम पुरी, मादीपुर, सुभाष नगर, सोम बाजार रोड, विपिन गार्डन, उत्तम नगर, बक्करवाला रोड, नांगली विहार, निहाल विहार और नांगलोई में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। वहीं सेंट्रल जोन के मदनपुर खादर एक्सटेंशन में एक G+5 इमारत के खिलाफ कार्रवाई की गई। यहां पांचवीं मंजिल के 4 पैनल काटे गए और इसके बाद पूरी इमारत को सील कर दिया गया। चांदनी चौक के कूचा महाजनी ज्वेलरी मार्केट में भी MCD ने बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने अलग-अलग इमारतों के बेसमेंट में बनी दुकानों को सील किया। अब तक यहां कुल 54 दुकानें सील की जा चुकी हैं। MCD की इस कार्रवाई से कारोबारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि सीलिंग की कार्रवाई से उनके कारोबार पर असर पड़ रहा है।

# Thar-Fortuner मालिकों ने लिया सड़क सुरक्षा का अनोखा संकल्प, दमन कलेक्टर ने दिलाई जिम्मेदार ड्राइविंग की शपथ

**थार और फॉर्च्यूनर कार मालिकों ने खड़े होकर हाथों में पीले रंग के प्लेकार्ड लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।**



दमन में सड़क सुरक्षा को लेकर एक अनोखा जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां सैकड़ों Mahindra Thar और Toyota Fortuner मालिक एक साथ जुटे और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने का संकल्प लिया। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम में मौजूद SUV मालिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। दमन के सूचना एवं प्रचार विभाग की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए वीडियो में 'थार फॉर्च्यूनर संकल्प यात्रा' की झलक देखने को मिली। 9 सितंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में Thar और Fortuner गाड़ियां एक पार्किंग स्थल पर जमा हुईं। इस दौरान प्रतिभागियों ने समूहों में खड़े होकर हाथों में पीले रंग के प्लेकार्ड लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। अभियान में 'रफ्तार नहीं, संस्कार' और 'भाईगीरी नहीं-जिम्मेदारी' जैसे स्लोगन के जरिए SUV मालिकों से जिम्मेदारी के साथ गाड़ी चलाने की अपील की गई। अभियान का उद्देश्य यह संदेश देना था कि बड़ी और शक्तिशाली SUV का मालिक होना सिर्फ रफ्तार और ताकत दिखाने का जरिया नहीं, बल्कि सड़क पर ज्यादा जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की जिम्मेदारी भी है। इस पहल को महिंद्रा ग्रुप के #TharKa-MatlabZimmedari सड़क सुरक्षा अभियान से भी जोड़ा गया। सोशल मीडिया के एक्स पोस्ट पर महिंद्र ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा को भी टैग किया गया। Thar और Fortuner जैसी SUV के सैकड़ों मालिकों के सड़क सुरक्षा के लिए एकजुट होने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए। कई यूजर्स ने सुझाव दिया कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर तकनीक के जरिए नजर रखी जानी चाहिए और बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कुछ लोगों ने फुटपाथ पर गाड़ी चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने और खतरनाक तरीके से मोड़ लेने जैसे उल्लंघनों पर वाहन जब्त करने की मांग की। वहीं, कुछ यूजर्स ने ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू करने और जुर्माने को बढ़ाने की बात कही। कई लोगों ने यह भी कहा कि अगर मोटर व्हीकल एक्ट को लगातार और सख्ती से लागू किया जाए और ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कानून के मुताबिक कार्रवाई हो, तो लापरवाह और तेज ड्राइविंग पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। कुल मिलाकर, Thar-Fortuner Sankalp Yatra ने एक सीधा संदेश दिया कि भारी वाहन SUV चलाने के साथ उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी जरूरी है। इस अभियान में सड़क सुरक्षा को केवल नियमों तक सीमित रखने के बजाय वाहन चालकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी से जोड़ने का प्रयास किया गया। खासतौर पर बड़ी एसयूवी चलाने वाले वाहन मालिकों को यह संदेश दिया गया कि सड़क पर वाहन की क्षमता के साथ चालक का व्यवहार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सुरक्षित गति, लेन अनुशासन और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं का सम्मान सड़क सुरक्षा के प्रमुख आधार हैं। कार्यक्रम के दौरान दिए गए संदेशों में तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के संभावित खतरों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया।

## गौरव भाटिया मानहानि केस में बड़ा मोड़, 24 घंटे में विवादित ट्वीट हटाएंगे सौरव और रांका



नई दिल्ली। बीजेपी नेता और वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया से जुड़े मानहानि मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी यानी CJP के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका ने विवादित ट्वीट हटाने पर सहमति जताई है। दोनों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गौरव भाटिया के खिलाफ किए गए विवादित ट्वीट 24 घंटे के भीतर हटा दिए जाएंगे। यह मामला कथित तौर पर फर्जी बयान वाले ट्वीट और एआई से बनाए गए एक बैनर को लेकर सामने आया है। गौरव भाटिया ने CJP और उसके नेताओं सौरव दास, अभिजीत दिपके और आशुतोष रांका के खिलाफ 2 करोड़ रुपये का मानहानि मुकदमा दायर किया है। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने CJP और उसके नेताओं की ओर से पेश वकील से निर्देश लेने को कहा था कि क्या वे गौरव भाटिया के खिलाफ किए गए ट्वीट्स को हटाना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट को यह भी बताया गया कि एआई से बनाया गया बैनर पहले ही हटा दिया गया है। इसके बाद विवादित ट्वीट्स को हटाने को लेकर भी सहमति सामने आई। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले को लेकर CJP नेताओं को नसीहत भी दी। कोर्ट ने कहा कि विरोध जताने के अलग-अलग तरीके होते हैं।

# राजस्थान नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग कल, टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी ने क्या बताया



राजस्थान नगर निकाय चुनाव-2026 के तहत द्वितीय चरण का मतदान कल यानी शुक्रवार, 11 सितम्बर को होगा। टोंक नगर परिषद् एवं 4 नगरपालिका मालपुरा, डिग्गी, लांबाहरिसिंह एवं टोडारायसिंह में 11 सितम्बर को प्रात: 7 बजे से सांय 6 बजे तक होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों को गुरुवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद निर्धारित स्थलों से आज रवानगी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) टीना डाबी ने बताया की नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण के मतदान को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टोंक डीएम टीना डाबी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान दलों की रवानगी के दौरान प्रशिक्षण, चुनाव सामग्री वितरण, वाहन व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि 11 सितम्बर को होने वाला द्वितीय चरण का मतदान निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। टीना डाबी ने बताया कि दूसरे चरण के मतदान के लिए गुरुवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल ईवीएम और अन्य निर्वाचन सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए है। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने सभी मतदाताओं को वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। बता दें कि टोंक और टोडारायसिंह के दो वार्ड में चुनाव नहीं होंगे। वहां पर लोगों ने परिसीमन के मामले में विरोध जताते हुए चुनाव का बहिष्कार कर रखा है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415